श्रावण शुक्ल - 2 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 26 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शुक्रवार » 18-08-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

5 अमेरिका में दो साल बाद पहला एकल मैच जीते नोवाक जोकोविच

6 बालकों के सर्वांगीण विकास पर हो शिक्षकों का ध्यान

7 सनी देओल का प्रशंसक पर गुस्सा करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

फर्स्ट टेक

अग्निकुल कर रही 'अग्निबाण' रॉकेट की पहली उपकक्षीय उड़ान की तैयारी

नई दिल्ली/भाषा। स्काईरूट एयरोस्पेस के बाद चेन्नई स्थित अग्निकुल कॉसमॉस कंपनी श्रीहरिकोटा स्थित अपने प्रक्षेपण पैड से अपने 3डी-प्रिंटेड रॉकेट 'अग्निबाण सबऑर्बिटल टेक्नोलॉजिकल डिमॉन्स्ट्रेटर' (सोर्टेड) की उपकक्षीय परीक्षण उड़ान को अंजाम देने के लिए पूरी तरह तैयार है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 'अग्निबाण सोर्टेड' एकल चरण वाला प्रक्षेपण वाहन है जो अग्निकुल के पेटेंट प्राप्त अग्निलेट इंजन द्वारा संचालित होता है जो पूरी तरह से 3 डी-प्रिंटेड, सिंगल-पीस, 6 केएन सेमी-क्रायोजेनिक इंजन है। इसमें कहा गया, अग्निकुल ने आने वाले कुछ हफ्तों में अपनी पहली उड़ान पूरी करने की योजना बनाई है।

जाली आधार कार्ड लेकर नेपाल जा रही अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

महराजगंज (उप्र)/भाषा। महाराजगंज जिले में बृहस्पतिवार को जाली भारतीय आधार कार्ड लेकर नेपाल में दाखिल होने की कोशिश करने के आरोप में एक अमेरिकी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। नौतनवा की पुलिस क्षेत्राधिकारी आभा सिंह ने बताया कि कोलिन पैट्रिक लिंच (35) नामक महिला भारत से नेपाल जा रही थी। उन्होंने कहा कि उसे रास्ते में सोनौली इलाके में आव्रजन विभाग की टीम ने सामान्य जांच के लिए रोका, तो उसके पास से से अमेरिकी पासपोर्ट और जाली भारतीय आधार कार्ड पाया गया। लेकिन उसके पास वीजा नहीं था। उन्होंने बताया कि अमेरिकी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बारे में खुफिया ब्यूरो को सूचना दे दी गई है।

ब्रिटनी स्पीयर्स के पति ने तलाक के लिए अर्जी दी

लॉस एंजिलिस/एपी। अमेरिकी पॉप गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स के पति सैम असगरी ने तलाक के लिए अर्जी दी है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ब्रिटनी स्पीयर्स और असगरी की शादी 14 महीने पहले हुई थी। असगरी के करीबी एक व्यक्ति ने इस बात की पुष्टि की कि तलाक के लिए अर्जी बुधवार को दाखिल की गई है। इससे पहले 'टीएमजेड' और 'पीपुल' सहित कई मीडिया संगठनों ने खबर दी थी कि स्पीयर्स और असगरी अलग हो गए हैं। स्पीयर्स से तत्काल इस संबंध में प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। लॉस एंजिल्स और वेंचुरा काउंटी में अदालत के रिकॉर्ड से यह पता नहीं चला है कि मामला कहां दायर किया गया है। स्पीयर्स ने नौ जून, 2022 को कैलिफोर्निया के थाउजेंड ओक्स स्थित अपने आवास पर असगरी से शादी की थी।

18-08-2023	19-08-2023
सूर्यास्त 6:39 बजे	सूर्योदय 6:07 बजे

BSE	NSE
65,151.02	19,365.25
(-388.40)	(-99.75)

सोना	चांदी
6,127 रु.	71,994 रु.
(24 कैरेट) प्रति ग्राम	प्रति किलो

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com

कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

आरोप-प्रत्यारोप

सारे ही हैं अब व्यस्त यहां,
नित चर्चा मिटिंग और रैली।
आरोपों प्रत्यारोपों की,
सबकी अपनी-अपनी शैली।
कर रहे सभी ही राजनीति,
चाहे विशुद्ध या फिर मैली।
ना फर्क किसीको भी पड़ता,
घायल हो जन मन या वैली।।

प्रणोदन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग होकर

चांद की सतह की ओर चला चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु/भाषा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बृहस्पतिवार को कहा कि चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल और प्रणोदन मॉड्यूल सफलतापूर्वक अलग हो गए हैं।

अब लैंडर मॉड्यूल शुक्रवार को चंद्रमा के आसपास की थोड़ी निचली कक्षा में उतरेगा। लैंडर मॉड्यूल में लैंडर और रोवर होते हैं।

इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर लिखा, लैंडर मॉड्यूल ने कहा, यात्रा के लिए धन्यवाद, दोस्त। लैंडर मॉड्यूल, प्रणोदन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग हो गया है। कल लैंडर मॉड्यूल के भारतीय समयानुसार करीब चार बजे डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) से गुजरते हुए चंद्रमा की थोड़ी निचली कक्षा में उतरने की संभावना है।

चंद्रयान-3 ने 14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद पांच अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया। इसके बाद इसने छह, नौ और 14 अगस्त को चंद्रमा की अगली कक्षाओं में प्रवेश किया तथा उसके और निकट पहुंचता गया।

शिक्षा प्रगति का प्रकाश स्तम्भ, राजनीति का प्यादा नहीं : प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कर्नाटक के नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से अलग होने के फैसले की बृहस्पतिवार को निंदा करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित कदम बताया और कहा कि शिक्षा को प्रगति का प्रकाश स्तम्भ होना चाहिए, राजनीति का प्यादा नहीं।

प्रधान ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर पोस्ट में लिखा कि कर्नाटक के नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को खारिज कर इससे अलग होने के राजनीति से प्रेरित फैसले की जानकारी से निराश हूं। उन्होंने कहा, हमारी शिक्षा प्रणाली में उत्थान की जरूरत है, पीछे जाने की नहीं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्षों के विचार विमर्श का परिणाम है जो सभी की आकांक्षाओं को प्रदर्शित करता है। यह फैसला कांग्रेस के सुधार विरोधी, भारतीय भाषा विरोधी और कर्नाटक विरोधी चरित्र को दर्शाता है। प्रधान ने कहा, कर्नाटक को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो प्रगति और समावेश को महत्व देता हो और क्षुद्र राजनीति को नहीं। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को संबोधित करते हुए लिखा कि छात्रों को प्राथमिकता दें, क्षुद्र राजनीति बंद करें।

इससे पहले, सोमवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा था कि अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार एनईपी को समाप्त कर रही है जो पिछली भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार लाई थी।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा था, हम संविधान के अनुरूप शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करेंगे। कर्नाटक अपने यहां उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में अग्रणी रहा है। उस समय कांग्रेस विपक्ष में थी और उसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आलोचना की थी।

पाकिस्तान में गिरजाघरों, ईसाइयों के घरों पर हुए हमलों की जांच के आदेश, 100 से अधिक गिरफ्तार

लाहौर/भाषा। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 21 गिरजाघरों पर भीड़ के हमले के संबंध में 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सरकार ने ईशनिंदा के आरोपों को लेकर हुई हिंसा के संबंध में बृहस्पतिवार को उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

प्रांतीय राजधानी से करीब 130 किलोमीटर दूर फैसलाबाद जिले की जरांवाला तहसील में दो ईसाइयों द्वारा कुरान का अपमान करने की कथित खबरों से गुस्साई भीड़ ने सैकड़ों गिरजाघरों और घरों को बुधवार को जला दिया। पंजाब सरकार के अनुसार, कथित ईशनिंदा को लेकर ईसाइयों के घरों और गिरजाघरों पर हमला करने के आरोप में चरमपंथी समूह तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं सहित 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। प्रांत के कार्यवाहक सूचना मंत्री आमिर मीर ने एक बयान में कहा, पंजाब पुलिस ने जरांवाला में गिरजाघरों और अल्पसंख्यक समुदाय के घरों पर हमलों में शामिल 100 से अधिक उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। आतंकवाद और ईशनिंदा के आरोप के तहत 600 संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति बहाल कर दी गई है और गिरजाघरों तथा अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के लोगों के घरों के बाहर पुलिस और रेंजर्स की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है।

आईएसआई और आतंकवादी संगठनों को तस्वीरें भेजने का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ/भाषा। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों और आतंकवादी संगठनों के साथ संबंध रखने और उन्हें सुरक्षा प्रतिष्ठानों की तस्वीरें भेजने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

एसटीएफ द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक शामली जिले के कोतवाली क्षेत्र में मोमिनपुरा निवासी कलीम अहमद नामक व्यक्ति को एक आतंकवादी संगठन के निर्देश पर अवैध हथियार एकत्र करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

युद्धपोत 'विंध्यगिरि' का जलावतरण 'आत्मनिर्भर भारत' का प्रतीक : राष्ट्रपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलकाता/भाषा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को यहां हुगली नदी के तट पर 'गार्डन रीच शिपबिल्डर्स इंजीनियर्स लिमिटेड' (जीआरएसई) केंद्र में भारतीय नौसेना के 'प्रोजेक्ट 17 अल्फा' के तहत निर्मित छठे नौसैन्य युद्धपोत 'विंध्यगिरि' का जलावतरण किया। उन्होंने इस युद्धपोत के जलावतरण को 'आत्मनिर्भर भारत' का एक प्रतीक बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्नत युद्धपोत का उत्पादन 'आत्मनिर्भर भारत' और देश की तकनीकी प्रगति का नमूना है।

राष्ट्रपति ने एक कार्यक्रम में कहा, मैं विंध्यगिरि के जलावतरण के मौके पर यहां आकर बहुत खुश हूं। यह आयोजन भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ने का भी प्रतीक है। उन्होंने भारतीय नौसेना और इस पोत के निर्माण में शामिल सभी लोगों को बधाई दी।

मुर्मू ने कहा, मुझे बताया गया है कि 'गार्डन रीच शिपबिल्डर्स इंजीनियर्स' ने विंध्यगिरि जैसे युद्धपोत सहित सौ से अधिक युद्धपोतों का निर्माण किया है और आपूर्ति की है। आपके कौशल और अथक प्रयासों ने हमें इस मुकाम तक पहुंचाया है, जिसके लिए मैं जीआरएसई की पूरी टीम की सराहना करती हूं। उन्होंने कहा, प्रोजेक्ट 17 के तहत निर्मित विंध्यगिरि आत्मनिर्भरता और तकनीकी उन्नति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह परियोजना अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए स्वदेशी नवाचार को प्रदर्शित करती है। मुझे बताया गया है कि इस शृंखला के पोत हमारे समुद्री हितों के लिए सभी प्रकार के खतरों से निपटने में सक्षम होंगे।

पिछले साल राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मुर्मू का पश्चिम बंगाल का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले उन्होंने मार्च में राज्य का दौरा किया था।

मुर्मू ने कहा, कोलकाता का उसके समृद्ध इतिहास और संस्कृति के कारण हमारे देश के दिल में एक विशेष स्थान है। कोलकाता की रणनीतिक स्थिति इसे हमारी नौसैनिक तैयारियों, हमारे समुद्री हितों की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण बनाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि पोत का नाम 'विंध्य' पर्वतमाला के नाम पर रखा गया है, जो दृढ़ता का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हम अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हम भविष्य में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास कर रहे हैं...हमारी व्यापारिक वस्तुओं के एक बड़े हिस्से का समुद्री मार्ग से परिवहन होता है।

सरकार ने 'फ्लडवॉच' ऐप लॉन्च किया

नई दिल्ली/भाषा। केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति पर 'रियल टाइम' जानकारी प्रदान करने के लिए एक ऐप लॉन्च किया। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष कुशविंदर वोहरा ने कहा कि 'फ्लडवॉच' ऐप 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 'रियल टाइम' में बाढ़ से जुड़े अपडेट भेजने के लिए 338 स्टेशनों से आंकड़े इकट्ठा करेगा। वोहरा ने 'फ्लडवॉच' लॉन्च करते हुए कहा कि ऐप का उद्देश्य बाढ़ से संबंधित जानकारी प्रसारित करने के लिए मोबाइल फोन का उपयोग करना है। इसमें सात दिनों तक का पूर्वानुमान प्रदान किया जाएगा।

पवार ने भाजपा पर लगाया विपक्ष शासित राज्यों की निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीड (महाराष्ट्र)/भाषा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर विपक्ष शासित राज्यों की निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि मौजूदा शासकों की नीति जाति, धर्म और भाषा के आधार पर समाज की खाई को चौड़ा करना है।

पवार महाराष्ट्र के बीड कस्बे में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे। पवार ने मणिपुर में जातीय हिंसा को लेकर भी केंद्र पर हमला बोला। बीड बागी राकांपा नेता और कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे का गृह जिला है।

पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मणिपुर जा कर वहां के लोगों की पीड़ा को जानना चाहिए था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, मौजूदा शासकों की नीति जाति, धर्म और भाषा को आधार बना कर समाज में खाई को चौड़ा करना है। पवार ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह एक ओर स्थिर सरकार देने की बात करती है, लेकिन राज्यों में विधिवत निर्वाचित सरकारों को गिरा देती है। उन्होंने कहा, आप स्थिर सरकार देने की बात करते हैं लेकिन राज्यों में विधिवत निर्वाचित सरकारों को गिरा देते हैं। राज्यसभा सदस्य पवार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में पुन: वापस आने की बात कर प्रधानमंत्री मोदी अपनी पार्टी के सहयोगी और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के नक्शेकदम पर चल रहे हैं।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव : भाजपा ने 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

भोपाल/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव-2023 की अधिकृत घोषणा से काफी पहले बृहस्पतिवार को अपने 39 उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित कर दी। मप्र में 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए इस साल के अंत में चुनाव होना है। भाजपा ने जीन 39 सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं उनमें से 38 सीट पर वर्तमान में कांग्रेस तथा एक सीट पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का कब्जा है।

भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव की अधिकृत घोषणा से काफी पहले अपने उम्मीदवारों की घोषणा से जाहिर होता है कि पार्टी अपने आक्रमण में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहती है तथा अपनी कमजोर सीट पर तैयारी के लिए भरपूर वक्त पार्टी और उम्मीदवारों को देना चाहती है। भाजपा द्वारा जारी पहली सूची में पांच महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। इनमें सरला विजेंद्र रावत (सबलगढ़ जिला मुरैना), प्रियंका मीणा (चाचौड़ा जिला गुना), ललिता यादव (छतरपुर), अंचल सोनकर (जबलपुर पूर्व), निर्मला भूरिया (पेटलावद जिला झाबुआ) शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव:

भाजपा ने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

रायपुर/भाषा। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को अपने 21 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी कर दी। सूची में पांच पूर्व विधायक और सांसद के अलावा 16 नये चेहरों को मौका दिया गया है।

भाजपा नेताओं ने यह जानकारी दी। भाजपा के सूत्रों ने बताया कि पार्टी ने ज्यादातर ऐसी सीट की सूची जारी की है जहां पार्टी को कमजोर माना जा रहा है। इनमें से ज्यादातर सीट पर पार्टी को पिछले चुनावों में लगातार हार का सामना करना पड़ा है।

भाजपा नेताओं ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में बुधवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी।

देश में कचरे से हो सकता है सालाना 65,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। देशभर में कचरे का उपयोग कर सालाना 65,000 मेगावाट बिजली पैदा की जा सकती है। यह 2030 तक 1.65 लाख मेगावाट और 2050 तक 4.36 लाख मेगावाट तक पहुंच सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है।

हाल में आयोजित अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञों की दो दिन की कार्यशाला में श्वेत पत्र तैयार किया गया। इसमें कहा गया है कि देश में हर साल 6.5 करोड़ टन कचरा पैदा होता है और इसके 2030 तक बढ़कर 16.5 करोड़ टन तथा 2050 तक 43.6 करोड़ टन होने का अनुमान है। दस्तावेज के अनुसार, नगरपालिका क्षेत्र में लगभग 75-80 प्रतिशत कचरे को एकत्र किया जाता है और इसमें से केवल 22 से 28 प्रतिशत का प्रसंस्करण किया जाता है और दूसरे कार्यों में उपयोग में लाया जाता है।

कार्यशाला में इंटरनेशनल क्लाइमेट चेंज एंड सस्टेनेबिलिटी एक्शन फाउंडेशन, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आईएसएम (धनबाद), टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) के विशेषज्ञों और उद्योग के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान विशेषज्ञों ने कूड़ा डालने के स्थान पर बढ़ते कचरे के निपटान के लिए तौर-तरीकों पर चर्चा की।

श्वेत पत्र में कहा गया है कि भारत में कूड़ा डालने के लिए 3,159 स्थान हैं। ये देश के लगभग 20 प्रतिशत मीथेन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं।

पूजा

गुरुवार को श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के अवसर पर सदियों पुरानी परंपराओं के अनुसार, श्रीनगर के शारिका-भवानी मंदिर हरि पर्वत पर पूजा अर्चना करने महंत दीपेंद्र गिरि और साधुओं का एक समूह पहुंचा।

मागड़ी रोड जैन मंदिर में हुआ प्रभु महावीर जन्मवांचन प्रसंग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मागड़ी रोड स्थित सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर संघ में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री प्रियमंत्रान्जनाश्रीजी की निश्रा में प्रीतिसुधाश्रीजी ने पर्युषण महापर्व की आराधना के पांचवें दिन भगवान महावीर के जन्म का वाचन किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। सुरेशकुमार पालरेचा परिवार सिद्धार्थ महाराजा और त्रिशला माता बने। प्रियवंदा सखी बनने का लाभ पुखराज सुनीलकुमार गुलेच्छा परिवार ने, स्वामी वात्सल्य का लाभ मुणोत परिवार ने, पालना घर ले जाने का लाभ सम्पतराज मुकेशकुमार चावत परिवार ने लिया। इस मौके पर समाज के बच्चों व युवतियों ने जन्म वाचन के साथ स्वप्न दर्शन, 14 सपनों के साथ नृत्य, महाराजा महारानी द्वारा संवाद, प्रियंवदा द्वारा बधाई आदि कार्यक्रम हुए।

'मृत्यु के बाद धर्म ही जीव के साथ जाता है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के महालक्ष्मी लेआउट स्थित चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी ने कहा कि मानव जीवन में धर्म का बहुत महत्व है। धर्म ही मानव को मुक्ति देता है। अन्य सभी भौतिक सम्पदायें संसार में ही रह जाती है। मृत्यु के बाद धर्म ही जीव के साथ जाता है। पत्नी, पुत्र, भाई-बन्धु कुछ दूर तक ही शरीर का साथ देते हैं। वे सभी पंचतत्व से बने हुए शरीर को पंचतत्व में मिलाकर लौट जाते हैं। शरीर के साथ कोई नहीं जाता। केवल धर्म ही जीव के साथ जाता है। अपने किए पुण्य-पाप के अनुसार जीव को अन्य योनी की प्राप्ति होती है, इसलिए मानव को धर्म का आचरण करना चाहिए। कहा गया है कि धर्मो रक्षति रक्षित: अर्थात् जो मनुष्य धर्म की रक्षा करता है, वहीं रक्षित धर्म मनुष्य की भी रक्षा करता है। मनुष्य का जीवन क्षणभंगुर है। पत्ते पर स्थित ओस बिन्दु की तरह हवा के झकोरे खाकर नाशवान है। इस छोटे से आयु खंड में जिसने जितना धर्म कर्म कर लिया, उसका जीवन उतना ही सार्थक है और जिसने व्यर्थ में ही जीवन को गवा दिया वह अपने जीवन के मूल्य को नहीं समझ पाया। पारलौकिक धर्म इस लोक से परे है और वहीं मानव जीवन की सच्ची कमाई है। इसी धर्म को प्राप्त करने के लिए मानव को प्रयास करना चाहिए। मनुष्य का आध्यात्मिक विकास तभी सम्भव है, जब वह अपना आचरण शुद्ध रखे और संयम नियम का पालन करता रहे। यह जानकारी जयंतीलाल श्री श्रीमाल ने दी ।

प्रभु कृपा से ही हमारे जीवन में आती है सुवास : साध्वी संस्कारनिधि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के राजस्थान जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ जयनगर के तत्वावधान में चातुर्मास विराजित साध्वीश्री संस्कारनिधिश्रीजी ने कहा कि 'तुम चंदन हम पानी' विषय पर कहा कि मैल को दूर करने का काम करता है पानी। मेहंदी के गुण को निखारने का कार्य करता है पानी। मिट्टी के उत्पादकता के गुण को बाहर लाने का काम करता है पानी। चंदन के शीतलता गुण को बाहर लाने का काम करता है पानी। परमात्मा से हम प्रार्थना करें कि हे प्रभु आप चन्दन है और मैं पानी। पानी बनकर मैं स्वयं के अस्तित्व का आप में विलय कर दू। मेरे कण कण में आपके गुण व सुगंध व्याप्त हो जाए। मेरे अंदर रही हुई गुणवत्ता आपके संयोग से ही प्रकट होगी। मेरे पास सद्गुणों की सुगंध नहीं थी और स्वभाव की शीतलता नहीं थी लेकिन पूर्ण विश्वास है अटूट श्रद्धा है कि आपकी कृपा से यह दोनों मुझे प्राप्त होकर ही रहेंगे।

'हर व्यक्ति की सफलता के पीछे गुरु का हाथ होता है'

बेंगलूरु। शहर के राजाजीनगर स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित पन्यासश्री भक्तिरत्नविजयजी, मुनिश्री भाग्यचंद्रविजयजी व बालमुनिश्री भक्तिदर्शनजी ने कहा कि जीवन में गुरु का बहुत महत्व होता है। जिसके जीवन में सदगुरु नहीं उसका जीवन शुरु नहीं होता। हर व्यक्ति की सफलता के पीछे गुरु का हाथ होता है। गुरु को भगवान से भी बढ़कर माना जाता है। गुरु को उजाले का दीप माना जाता है। गुरु के बिना व्यक्ति का जीवन अधूरा है गुरु के सहयोग से ही हर व्यक्ति सफल बनता है। गुरु का होना अज्ञान रूपी अंधरे में प्रकाश फैलाने जैसा होता हैं। जो खुद जलकर दूसरों को उजागर करते हैं। माता के बाद दूसरे शिक्षक गुरु ही होते हैं। गुरु से लिए गये संस्कार ही हमारे जीवन को आसान बनाते है। गुरु ही वह व्यक्ति होता है जो खुद एक स्थान पर रहकर दूसरों को अपनी मंजिल तक पहुंचाता है। गुरु हमेशा सभी को अच्छा ज्ञान देता है। गुरु सच्चे पथ प्रदर्शक होता है। हमारे जीवन में गुरु बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।

संतश्री ने कहा कि मनुष्य के लिए भगवान से भी बढ़कर गुरु को माना जाता है क्योंकि भगवान हमें जीवन प्रदान करता है और गुरु हमें शिक्षा देकर इस जीवन को सही ढंग से जीना सिखाते हैं । जो गुरु का मार्ग दर्शन लेकर चलता है। उसे जीवन में कभी ठोकरें नहीं खानी पड़ती हैं। गुरु शब्द को देखा जाए तो गुरु दो शब्द के मेल से बनता है। जिसमे पहला शब्द अर्थात अंधकार और दूसरा शब्द रूप जिसका अर्थ होता है उजियारा। यानी गुरु के नाम से ही हम पहचान कर सकते हैं कि यह हमें अंधकार से उजियारे की ओर ले जाने का कार्य करते हैं। गुरु हमें अंधकार रूपी इस जीवन में प्रकाश रूपी ज्ञान देते हैं। हम अपने गुरु में भगवानश्री महावीर जैसे गुरु के दर्शन करे तो हर व्यक्ति गौतमस्वामी जिसे शिष्य बन कर अपनी आत्मा का कल्याण कर सकता है।

ट्रस्ट गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

बेंगलूरु में मोहनखेड़ा राजेंद्रसूरी जैन ट्रस्ट नगरथपेट का विधिवत गठन हुआ। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष नरपत राणावत, उपाध्यक्ष भँवरलाल भंडारी, केवल मेहता, जयंतीलाल चौहाण, मंत्री मनोज बोहरा, राहुल मेहता, लेखराज दोशी, कोषाध्यक्ष कांतिलाल सेठ व जितेंद्र बागरेचा आदि उपस्थित थे।

रक्तदान शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

बेंगलूरु के मालगाल्ला में मानव सेवा समिति एवं हक्का बुक्का क्षेमाभिवृद्धि संघ द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। बेंगलूरु रुधिर संस्थान ने रक्त संग्रह किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महेन्द्र मुणोत ने सभी दानदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए।

पत्रिका विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

मैसूरु के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के तत्वावधान में आचार्यश्री तीर्थभद्रसूरीश्वरजी की निश्रा में सिद्धितप की तपस्या बहुत हर्षोल्लास के साथ पूर्णता ओर अग्रसर है। इस प्रसंग पर पत्रिका लेखन का लाभ मंगलचंद ललितकुमार गुलेच्छा परिवार ने लिया। पत्रिका का विमोचन संघ के अध्यक्ष भैरूमल राठौड, सचिव कांतिलाल गुलेच्छा, कोषाध्यक्ष मंगलचंद पोरवाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक दांतेवाडिया, ट्रस्टी नगराज राठौड, रमेश कटारिया, डायालाल वोरा, सुमतिनाथ नवयुवक मंडल के अध्यक्ष जयकुमार सालेचा, संदीप संकलेचा व लाभार्थी परिजनों ने किया ।

भारत कल्याण केंद्रों, जन आरोग्य योजना के साथ सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल की ओर अग्रसर : मांडविया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गांधीनगर/भाषा। भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 1.5 लाख से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

वह शुक्रवार को होने वाली जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक से पहले भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत गांधीनगर के महात्मा मंदिर में आयोजित 'वन अर्थ वन हेल्थ - एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023' कार्यक्रम के उद्घाटन पर बोल रहे थे।

मांडविया ने मुख्य वक्ता के तौर पर अपने संबोधन में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सर्वोदय के लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है, 1,50,000 से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के साथ-साथ दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त कर रहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हम वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देने के लिए भी लगातार प्रयास कर रहे हैं। आज भारत को विश्व की 'फार्मेसी' कहा जाता है। वैश्विक आपूर्ति में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है। हम वैश्विक टीकों में भी लगभग 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

इस अवसर पर, मांडविया ने 'एडवांटेज हेल्थ केयर इंडिया - वन स्टॉप डिजिटल पोर्टल फॉर पेशेंट' और 'वर्कफोर्स मोबिलिटी' पोर्टल लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि यह (पोर्टल) आज स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र की कुछ सबसे गंभीर चुनौतियों का ठोस समाधान पेश करेगा।

'अर्थव्यवस्था में दूसरी तिमाही में आ रही तेजी, पर मुद्रास्फीति चिंता का कारण'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। देश की अर्थव्यवस्था में दूसरी तिमाही में तेजी आ रही है। हालांकि, महंगाई लगातार केंद्रीय बैंक के संतोषजनक स्तर छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में यह कहा गया है।

मुख्य रूप से टमाटर समेत सब्जियों और अन्य खाने का सामान महंगा होने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में उछलकर 7.44 प्रतिशत पहुंच गई, जो इससे पिछले महीने में 4.87 प्रतिशत थी। बुलेटिन में लिखा गया है, जहां मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति में नरमी है, वहीं खुदरा महंगाई दर दूसरी तिमाही में औसतन छह प्रतिशत से ऊपर रहने की आशंका है। मुख्य मुद्रास्फीति में अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाली खाद्य और ऊर्जा कीमतों को शामिल नहीं किया जाता। केंद्रीय बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत (दो से छह प्रतिशत के बीच) पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। लेख में कहा गया है कि औद्योगिक उत्पादन और व्यापार में नरमी से पहली तिमाही के मजबूत प्रदर्शन के बाद वैश्विक पुनरुद्धार धीमा हो रहा है। इसमें लिखा गया है, वैश्विक माहौल में दबाव के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की दूसरी तिमाही में गति पकड़ रही है। निर्यात के कारण जो गिरावट है, उसकी भरपाई निजी खपत और स्थिर निवेश जैसे घरेलू कारक कर रहे हैं।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने पिछले सप्ताह पेश द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान बरकरार रखा है। इसका कारण यह है कि विदेशों में मांग कमजोर होने के बावजूद घरेलू मांग के कारण आर्थिक गतिविधियां जारी हैं। हालांकि, हाल में खाने के सामान के दाम चढ़ने से मुद्रास्फीति के अनुमान को 0.3 प्रतिशत बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया गया है। लेख के अनुसार, अबतक (14 अगस्त तक) खाद्य वस्तुओं की कीमतों के जो आंकड़े हैं, वे बताते हैं कि अनाज और दाल के दाम में अगस्त में लगातार तेजी रही है।

खाद्य तेल के दाम में जुलाई-अगस्त में गिरावट आई। वहीं टमाटर के दाम में अगस्त में अबतक औसतन तेजी रही है। हालांकि, ताजा आंकड़े बताते हैं कि कीमतों में कुछ नरमी आ रही है। प्याज और आलू के दाम में भी तेजी देखी जा रही है। आरबीआई बुलेटिन में प्रकाशित इस लेख को केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने लिखा है।

फडणवीस ने प्रधानमंत्री पर टिप्पणी को लेकर शरद पवार पर कटाक्ष किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिरडी (महाराष्ट्र)/भाषा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री अजित पवार और उनके बीच ऐसा मेल है, जिसे अपनी कार्यशैली के कारण कोई चुनौती नहीं दी जा सकती। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार की टिप्पणी पर भी कटाक्ष किया।

पवार ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दावा कि वह अगले साल (स्वतंत्रता दिवस पर) लाल किले पर तिरंगा फहराने के लिए वापस आएंगे, फडणवीस से प्रेरित था, जो 2019 के विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान नियमित रूप से कहा करते थे कि वह (फडणवीस) वापस आएंगे। भाजपा नेता फडणवीस ने दावा किया कि प्रधानमंत्री अगले साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करेंगे क्योंकि पूरा देश मोदी के साथ खड़ा है और वह देश के नागरिकों के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। शिरडी में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, फडणवीस ने कहा, हम तीन एक साथ आए हैं। आप शिंदे जी की कार्यशैली के बारे में जानते हैं और आप मेरे और अजित दादा के बारे में भी जानते हैं। हम तीनों का ऐसा मेल है, जिसे कोई चुनौती नहीं दे सकता। शरद पवार का नाम लिए बिना फडणवीस ने पलटवार करते हुए कहा, पिछली बार, मैंने कहा था 'मैं वापस आऊंगा' और मैं देख सकता हूं कि उस बयान का 'भय' अभी भी बरकरार है। कुछ लोग अभी भी भयभीत हैं। मैं उन्हें एक बात बताना चाहूंगा कि जब मैंने ये कहा कि 'मैं वापस आऊंगा, तो लोग वास्तव में मुझे वापस ले आए लेकिन कुछ लोगों ने हमें धोखा दिया।

नव-उदारवादी नीतियां कृषि क्षेत्र में संकट का कारण बनती हैं : विजयन

तिरूवनंतपुरम/भाषा। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृषि क्षेत्र और कृषक समुदाय कठिन समय से गुजर रहे हैं और उन्होंने इस संकट के लिए देश में लागू की जा रही नव-उदारवादी नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम दिक्कतों के बावजूद वामपंथी लोकतांत्रिक पार्टी (एलडीएफ) राज्य में कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए विविध उपाय अपना रही है। उन्होंने आज मलयालम नव वर्ष 'चिंगम' के अवसर पर अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए और प्रयास किए जाने चाहिए।

मलयालम कैलेंडर के 'चिंगम 1' को दक्षिणी राज्य में समाज के प्रति किसानों की सेवाओं को सम्मान देने के लिए 'किसान दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मलयालम महीने की शुरुआत राज्य की समृद्ध कृषि विरासत को याद करने का एक अवसर है। मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र की समृद्धि के लिए बदलते समय के अनुरूप नई परियोजनाएं विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विजयन ने कहा कि हमारा कृषि क्षेत्र और कृषक समुदाय गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है और नव-उदारवादी नीतियों के खिलाफ पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं जिनसे कृषक समुदाय को कष्ट हो रहा है।

'नूंह हिंसा में जांच जारी, कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा'

चंडीगढ़/भाषा। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बृहस्पतिवार को कहा कि नूंह हिंसा मामले में जांच जारी है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

नूंह में 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक जुलूस पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद हिंसा भड़क गई थी जिसमें दो होम गार्ड और एक मौलवी समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। यह हिंसा गुरुग्राम सहित आसपास के इलाकों में भी फैल गई थी। खट्टर ने संवाददाताओं से कहा कि पुलिस जांच में जुटी हुई है और कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा।

हरियाणा सरकार 450 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चंडीगढ़/भाषा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बृहस्पतिवार को कहा कि हरियाणा सरकार ने नगर निकाय की सीमा के बाहर स्थित उन 450 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का फैसला किया है, जो नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के दायरे में भी आती हैं। खट्टर ने कहा कि जिन 450 कॉलोनियों को नियमित करने का निर्णय लिया गया है, उनमें नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाली 239 और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के तहत आने वाली 211 कॉलोनियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस फैसले से 2014 से अब तक कुल 1,135 अनधिकृत कॉलोनियां नियमित हो जाएंगी।

अनधिकृत कॉलोनियों के संबंध में योजनाएं साझा करते हुए, मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि 1,856 अनधिकृत कॉलोनियां को नियमित किए जाने की योजना विचाराधीन है जिनमें से 727 नगर और ग्राम नियोजन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आती हैं, जबकि 1,129 कॉलोनियां शहरी स्थानीय विभाग के अधीन आती हैं। राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार और पिछली सरकार के बीच अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने में असमानता को रेखांकित करते हुए खट्टर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 874 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने इस संबंध में मानदंडों में ढील देकर नागरिक सुविधा पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक अलग दृष्टिकोण अपनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकाय सीमा से बाहर अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले निवासी लंबे समय से जरूरी सुविधाओं से वंचित रहे हैं और सरकार ने इन परेशानियों को समझते हुए, इन कॉलोनियों को नियमित करने का कार्य किया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाली अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए उक्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है।

अनुच्छेद 370 हटाए जाने के खिलाफ न्यायालय में सर्वश्रेष्ठ वकील नियुक्त किए : उमर अब्दुल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

श्रीनगर/भाषा। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने अनुच्छेद 370 को रद्द करने के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में सर्वश्रेष्ठ वकीलों को नियुक्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि न्यायाधीश उनके तर्कों से सहमत होंगे। उन्होंने कहा, हम लड़ रहे हैं और हम न्याय की उम्मीद को लेकर वहां गए हैं। हमने कोई कसर नहीं छोड़ी है, हमने सर्वश्रेष्ठ वकीलों को नियुक्त किया और उनके प्रदर्शन की सभी ने सराहना की है। सुनवाई चल रही है और हमें उम्मीद है कि न्यायाधीश हमारे तर्कों से सहमत होंगे। यह चलता रहेगा और हम इंतजार कर रहे हैं।

इससे पहले पार्टी मुख्यालय नवा-ए-सुबह में अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि पार्टी उच्चतम न्यायालय में मुकदमा लड़ने के लिए कपिल सिब्बल और गोपाल सुब्रमण्यम को नियुक्त करने से बेहतर कुछ नहीं कर सकती थी।

पार्टी उपाध्यक्ष ने कहा, हमने सर्वश्रेष्ठ वकीलों को नियुक्त किया। कपिल सिब्बल और गोपाल सुब्रमण्यम देश के शीर्ष पांच वकीलों में से दो हैं... जीत या हार भगवान के हाथ में है। इंसान सिर्फ कोशिश ही कर सकता है और हमने कोई कसर नहीं छोड़ी। अब, हमें ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए कि वह हमें सफलता दे। शेर-ए-कश्मीर के नाम से मशहूर नेशनल कॉन्फ्रेंस संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला का नाम जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा विभिन्न सरकारी इमारतों से हटाने के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि लोगों के दिलों से उनके दादा का नाम कोई नहीं मिटा सकता। अबदुल्ला ने कहा, आप इमारतों से उनका नाम हटा सकते हैं लेकिन (लोगों के) दिलों से नहीं। अगर आप एसकेआईसीसी या क्रिकेट स्टेडियम या अस्पतालों से शेर-ए-कश्मीर का नाम हटा देंगे तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

कर्नाटक में 48 स्थानों पर लोकायुक्त की छापेमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक लोकायुक्त ने गुरुवार को सरकारी अधिकारियों के आवासों और कार्यालयों को निशाना बनाते हुए राज्य भर में 48 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। बेंगलूरु, बीदर, कोडागु, चित्रदुर्गा, दावणगेरे और अन्य स्थानों पर सुबह से ही छापेमारी चल रही है।

लोकायुक्त के सूत्रों ने बताया कि छापेमारी में 200 से ज्यादा अधिकारी शामिल हैं। राज्य की राजधानी बेंगलूरु में लोकायुक्त अधिकारियों के खिलाफ दर्ज चार एफआईआर के सिलसिले में 10 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। अधिकारी मदिकेरी शहर में कोडागु के अतिरिक्त एसपी नंजुंडे गौड़ा के आवास पर छापेमारी कर रहे हैं। पेरियापटना शहर के पास मकनहल्ली गांव में उनके ससुर के आवास और मैसूरु शहर में उनके रिश्तेदारों के घरों पर भी छापे मारे गए। सूत्रों ने बताया कि लोकायुक्त अधिकारियों ने मदिकेरी स्थित उनके आवास पर नकदी और दस्तावेज जब्त किए हैं।

लोकायुक्त एसपी सुरेश बाबू के नेतृत्व वाली टीम ने सुबह 4 बजे छापेमारी शुरू की। बेलगावी सिटी कॉर्पोरेशन के सहायक आयुक्त संतोष अनिशेट्टार के आवास पर भी छापेमारी की गई। संतोष का आवास धारवाड़ में मिशिगन लेआउट में स्थित है और अधिकारी महत्वपूर्ण दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने पहले हुब्बल्ली-धारवाड़ सिटी कॉर्पोरेशन में काम किया था।

कोप्पल में निर्मिति केंद्र के प्रबंधक मंजूनाथ बन्निकोप्पा के कार्यालय और आवास पर भी छापेमारी चल रही है। अधिकारी ने कथित तौर पर हुलिगी शहर में एक लॉज में निवेश किया है और वहां भी छापे मारे गए। योजना अनुभाग में हरंगी बांध अधीक्षक के.के. रघुपति के मैसूरु के विजयनगर फोर्थ स्टेज स्थित आवास पर भी छापे मारे गए। छापेमारी के बारे में अभी और जानकारी सामने आना बाकी है।

एनईपी को बंद करने से कांग्रेस के कर्नाटक विरोधी मानसिकता का पता चलता है : प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि अगले शैक्षणिक वर्ष से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को बंद करने के कर्नाटक सरकार के फैसले से कांग्रेस पार्टी के कर्नाटक विरोधी चरित्र का पता चलता है। प्रधान ने सिद्दारमैया सरकार द्वारा एनईपी को बंद करने को राजनीति से प्रेरित निर्णय करार देते हुए कहा कि शिक्षा प्रगति का प्रतीक होनी चाहिए, न कि राजनीतिक मोहरा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को बंद करने के कर्नाटक के मुख्यमंत्री के राजनीतिक रूप से प्रेरित फैसले के बारे में जानकर निराशा हुई।

उन्होंने कहा, भारतीय शिक्षा प्रणाली को विकास की जरूरत है, न कि प्रतिगमन की। एनईपी वर्षों के विचार-विमर्श का परिणाम है, जो सभी की आकांक्षाओं को दर्शाता है। यह निर्णय कांग्रेस के सुधार विरोधी, भारतीय भाषा विरोधी और कर्नाटक विरोधी चरित्र को उजागर करता है।

प्रधान ने कहा कि कर्नाटक ऐसे नेतृत्व का हकदार है जो प्रगति और समावेशिता को महत्व देता है न कि क्षुद्र राजनीति को। उन्होंने कहा, श्री सिद्दारमैया, आइए छात्रों को पहले रखें और तुच्छ राजनीति बंद करें। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने 14 अगस्त को कहा था कि उनकी सरकार अगले शैक्षणिक वर्ष से एनईपी को समाप्त कर देगी। शिक्षा प्रणाली में सार्थक संशोधन का वादा करते हुए यह नीति 29 जुलाई, 2020 से लागू की गई थी। कर्नाटक 1986 की पुरानी शिक्षा नीति से एनईपी को अपनाने वाला पहला राज्य था।

कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन की रक्षा के लिए तमिलनाडु को छोड़ा पानी : कुमारस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने पर सिद्दरामैया सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि यह कर्नाटक के किसानों के हितों की कीमत पर इंडिया गठबंधन के लिए ऐसा किया गया है। कुमारस्वामी ने सोशल मीडिया पर कहा, कांग्रेस ने मेकेदातु पदयात्रा का नाटक किया और कर्नाटक के लोगों को बेवकूफ बनाया। अब, पार्टी ने राज्य के हितों की बलि चढ़ाकर कर्नाटक और कन्नडिगा के किसानों के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात किया है और इंडिया गठबंधन की खातिर कावेरी नदी से पानी छोड़ा है । कुमारस्वामी ने तंज कसा, अपर्याप्त बारिश के कारण जलाशय नहीं भरे हैं। राज्य के किसानों की फसलों के लिए पानी नहीं है। बेंगलूरु शहर गंभीर पेयजल समस्या का सामना कर रहा है। जब राज्य गंभीर संकट का सामना कर रहा है, तो सरकार पड़ोसी राज्य प्रभावित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, कर्नाटक राज्य के हितों को 2024 के लोकसभा चुनावों में लाभ के लिए गिरवी रख दिया गया है। इसने तमिलनाडु के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। राज्य ने तमिलनाडु के सामने घुटने टेक दिए हैं, जो कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण (सीडब्ल्यूडीटी) की बैठक से बाहर चला गया और दायर किया। कुमारस्वामी ने कहा, 'कर्नाटक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका। यह कदम कन्नड़ लोगों के आत्मसम्मान के लिए एक बड़ा झटका है।' उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा ने कावेरी जलग्रहण क्षेत्र के किसानों के लिए संघर्ष और बलिदान दिया था। कुमारस्वामी ने कहा, 'यह सरकार डर गई है।'

कुमारस्वामी ने कहा, 'कांग्रेस सरकार द्वारा कर्नाटक की स्थिति को सुप्रीम कोर्ट को क्यों नहीं बताया जा रहा है? कानूनी विशेषज्ञों, विपक्षी दलों के नेताओं के साथ इस मुद्दे पर चर्चा किए बिना तमिलनाडु को तत्काल पानी छोड़ने के पीछे क्या रहस्य है?'

उन्होंने कहा, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, जो जल संसाधन मंत्री भी हैं, कर्नाटक या तमिलनाडु के मंत्री हैं? उन्हें स्पष्ट करने की आवश्यकता है। यह कहने से उनका क्या मतलब है कि जलाशय की चाबियां केंद्र सरकार के पास हैं? यदि ऐसा है, तो उनकी जवाबदेही क्या है? क्या वह चाबी स्टालिन (तमिलनाडु के मुख्यमंत्री) के पास है? या सोनिया गांधी के पास है। कुमारस्वामी ने दावा किया, किसानों को अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए कहने वाला शिवकुमार का बयान अहंकार से भरा है। हर दिन तमिलनाडु को हजारों क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। पड़ोसी राज्य को 10 क्यूसेक पानी और छोड़ने का उनका बयान गलत है।

उन्होंने रेखांकित किया, जब भी कावेरी का मुद्दा आता है, तो कांग्रेस दोहरी भाषा में बात करती है।

वृद्ध महिला को लगाया 3.5 करोड़ का चूना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। एक गैंग ने इन्शोरेन्स करवाने के बहाने एक वरिष्ठ महिला और उसकी बेटी को 3.5 करोड़ रुपए का चूना लगाने की घटना प्रकाश में आई है। शिकायत के बाद बनशंकरी पुलिस ने एक गैंग के चार सदस्यों जिसमें तीन महिला हैं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने विशाला, अरुणदत्ती और अपूर्वा तथा राकेश को गिरफ्तार किया है।

बनशंकरी पुलिस थाना क्षेत्र के पद्मनाभनगर में एक वृद्ध महिला शांता (65) अपनी बेटी के साथ रह रही हैं। दो साल पहले उनके सम्पर्क में अरुणदत्ती और राकेश आए। उन्होंने इनको इंशोरेन्स करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं शांता की एक बड़ी बिल्डिंग पद्मनाभ नगर में थी। अरुणदत्ती और राकेश जब उनसे मिलते तो वह उन्हें उस बिल्डिंग के बारे में बात करते और कहते की उसका वास्तु सही नहीं है। जिसके चलते आपको समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्यों न आप उसे बेच दें आदि बातें करते थे। एक दिन उन्होंने शांता को सलाह दी क्यों ने आप इसे बेच दें जिससे आपकी समस्याएं दूर हो जाएंगी। शांता ने सलाह मनाते हुए बिल्डिंग बेच दी। और 4.5 करोड़ रुपए की एफडी बना ली। बाद में दोनों मिलते रहे। शांता से बातचीत होती रही। उन्होंने शांता को सलाह दी की एफडी पूरी एक नहीं बनानी चाहिए। दो एफडी कर लें इससे यह फायदा होगा आदि।

उनकी बातों में आकर शांता ने केनरा बैंक में अरुणदत्ती और राकेश के साथ जाकर एफडी 1.9 करोड़, 1.9 करोड़ की दो बना दी। साथ ही उन्हें आश्वासन दिया कि बाकी रकम से इंशोरेंस ले लें जिससे उनको फायदा होगा। इसके लिए 4-5 चेक साइन करके शांता से इन दोनों ने ले लिए।

कुछ समय के बाद पता चला कि उनके एकाउन्ट और एफडी से 3.46 करोड़ रुपए निकल गए हैं। जब शांता को इसकी जानकारी मिली तब उन्होंने अरुणदत्ती को फोन किया लेकिन फोन बंद मिला। बाद में उन्होंने अपने आप को ठगा हुआ महसूस किया। उन्होंने इसकी शिकायत बनशंकरी पुलिस को दी। बनशंकरी पुलिस ने शिकायत के बाद इन्हें ढूंढ कर गिरफ्तार किया है। जांच जारी है।

परीक्षा में फेल होने पर युवक ने की आत्महत्या

बेलगावी। सेना भर्ती परीक्षा में बार-बार असफल होने के बाद गुरुवार को बेलगावी जिले के निप्पानी तालुक में एक 24 वर्षीय युवक की कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अप्पासो शिवाजी पनाडे के रूप में हुई, जो निप्पनी तालुक के हंचिनाल गांव का निवासी था।

पुलिस ने बताया कि युवक बचपन से ही सेना में भर्ती होने का सपना देखता था और इसके लिए तैयारी भी कर रहा था। उसने दो साल तक महाराष्ट्र में एक निजी फैक्ट्री में काम किया।

हालाँकि, इस बीच वह सेना में शामिल होने के लिए प्रयास करता रहा, लेकिन सफल नहीं हुआ। असफलता सहन न कर पाने पर युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी।

दिनेश गुंडूराव ने मुफ्त पिंक एंबुलेंस सेवा और मैमोग्राफी कार्यक्रम लॉन्च किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने नागवारा में वन पॉइंट क्रिस अमेरिकन हॉस्पिटल्स में 100 मरीजों (बीपीएल कार्डधारकों) के लिए मुफ्त पिंक एंबुलेंस सेवा और मुफ्त मैमोग्राफी कार्यक्रम लॉन्च किया। ये सेवाएं इस अस्पताल में रेडियोलॉजी विभाग, विशेष चिकित्सा और शल्य चिकित्सा विभाग के उद्घाटन के अवसर पर शुरू की गईं।

पत्रकारों से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने गरीबों और जरूरतमंदों के वास्ते बीपीएल कार्ड वाले 100 मरीजों को मुफ्त मैमोग्राफी और उत्तरी बेंगलूरु में अस्पताल के स्थान से 5 किलोमीटर के दायरे में महिलाओं को मुफ्त पिंक एंबुलेंस सेवाएं मुहैया कराने की अस्पताल द्वारा की गई पहल की सराहना की। उन्होंने अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. रॉबर्ट क्रिस्टोफर को बधाई दी।

डॉ. रॉबर्ट क्रिस्टोफर ने मंत्री को धन्यवाद दिया और उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वे बेंगलूरु, चेन्नई और उसके आसपास 10 और अस्पताल बनाने के लिए लगभग 1,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रहे हैं, जिनमें उच्च गुणवत्ता वाले अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण होंगे।

डॉ. सुरेश कुमार और हरिदासन पिल्लई मुख्य निवेशक हैं, जो भारत से हैं और पिछले 40 वर्षों से अधिक समय से अमेरिका के डलास टेक्सास में रहते हैं। कार्यक्रम में डीसीपी-ईस्ट जोन, बेंगलूरु शहर डॉ. भीमाशंकर गुलेड़, एआईसीसी एससी विभाग अध्यक्ष राजेश लिलोथिया, शिबू जोसेफ, साजी जोसेफ, सीईओ डॉ. रवि राठौड़, एंकर आरजे राशिद, हरिदासन पिल्लई, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. प्रकाश और क्रिस अमेरिकन हॉस्पिटल के कर्मचारी मौजूद थे।

एयरपोर्ट पर महिला पैसेंजर का तलाशी देने से इंकार

बेंगलूरु। यहां स्थित केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) के टर्मिनल 2 पर एक 31 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर तलाशी देने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं महिला ने एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ कांस्टेबल से बहस और मारपीट भी की है। मामला गत मंगलवार का बताया जाता है। आरोपी महिला नेहा गुप्ता पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी की रहने वाली हैं जो की बेंगलूरु से बागडोगरा के लिए उड़ान भरने वाली थीं।

सरकार ने कावेरी जलग्रहण क्षेत्र के लोगों को धोखा दिया : बोम्मई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गुरुवार को सिद्दरामैया सरकार पर कटाक्ष किया। बोम्मई ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तमिलनाडु को पानी छोड़कर कावेरी जलग्रहण क्षेत्र के लोगों को धोखा दिया है। बोम्मई ने पत्रकारों से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के उस बयान के लिए उनकी आलोचना की कि बांधों की चाबियां सरकार के पास नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार इस तरह के बयान देकर प्रदेश का हक छीन रही है। आपको क्या लगता है लोगों ने आपको क्यों चुना है ? कावेरी नदी बेसिन के अधिकांश लोगों ने कांग्रेस पार्टी को वोट दिया। पार्टी इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है और बीजेपी पर राजनीतिक बयानबाजी करने का आरोप लगा रही है। अगर किसानों के हितों की रक्षा के लिए दिए गए बयानों को राजनीतिक करार दिया जाता है तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है।

उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन, कांग्रेस जनता से जुड़े मुद्दों पर वास्तविक राजनीति कर रही है। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन लॉन्च किया और तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके पार्टी उनकी भागीदार है। तमिलनाडु की छोटी सी आपत्ति के कारण पानी छोड़ना यह दर्शाता है कि यह लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में द्रमुक को खुश करने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी प्रदर्शनकारी किसानों के साथ खड़ी है और कर्नाटक में अन्याय नहीं होने देगी।

इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। राज्य और उसके लोगों के हितों से समझौता किया गया है।

छात्र ने यौन संबंध से किया इनकार, आरोपियों ने सिगरेट से जलाया-ब्लेड से कट लगाए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तुमकुरु। कर्नाटक में कक्षा 9 के छात्र ने यौन संबंध से इनकार किया तो आरोपियों ने उसे बेरहमी से प्रताड़ित किया। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, घटना पांच महीने पहले तुमकुरु जिले के एक आवासीय स्कूल के हॉस्टल में हुई थी।

आरोपियों में कक्षा 9 और 10 के तीन छात्र हैं, साथ ही हॉस्टल वार्डन और स्कूल प्रिंसिपल भी शामिल हैं।

पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने पीड़ित को सिगरेट से जलाया, उसके शरीर पर ब्लेड से कट लगाए। इतना ही नहीं जब उसने यौन गतिविधियों में शामिल होने से इनकार तो आरोपियों ने उस पर लोहे की रॉड से हमला किया।

इस हमले में छात्र बेहोश हो गया। बाद में छात्र को इलाज के लिए बेंगलूरु अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिर उसे एक महीने से अधिक समय के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो-साइंसेज (एनआईएमएचएएनएस) में भर्ती कराया गया। हालांकि, यह घटना पांच महीने पहले हुई थी। पीड़ित के माता-पिता ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। मामला तुमकुरु महिला पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है।

उधर, प्रिंसिपल और वार्डन ने आरोपों को खारिज कर दिया है। पीड़ित के परिजनों का आरोप है कि मामला बढ़ने के बाद भी प्रिंसिपल ने इस पर गौर करने की जहमत नहीं उठाई। पुलिस ने मामले में हॉस्टल वार्डन को मुख्य आरोपी और प्रिंसिपल को दूसरा आरोपी बनाया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

देश के जीडीपी में 2026 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत होगा : राजीव चंद्रशेखर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2026 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है।

चंद्रशेखर ने यहां 'जी-20 डिजिटल नवोन्मेष गठबंधन शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक प्रमुख देश है जिसने प्रौद्योगिकी को बहुत तेजी से अपनाया है और अब इसने दुनिया को समाधान पेश करना भी शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा, 'डिजिटल अर्थव्यवस्था का जीडीपी में योगदान 2014 में चार से साढ़े चार प्रतिशत था, जो आज 11 प्रतिशत हो गया है। और हमारा अनुमान है कि 2026 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था का जीडीपी में योगदान 20 प्रतिशत से अधिक होगा।' चंद्रशेखर ने कहा कि 'भारत ने प्रौद्योगिकी को न केवल व्यापक अर्थों में नवोन्मेष के लिये, बल्कि वास्तविक समाधान देने के लिए भी अपनाया है। इससे पिछले कुछ साल में लोगों के जीवन, संचालन व्यवस्था और लोकतंत्र में बदलाव आया है।' डिजिटल प्रौद्योगिकी के अधिकतम उपयोग के दृष्टिकोण के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए मंत्री ने कहा कि उन्होंने आने वाले दशक को 'टेकेड' (प्रौद्योगिकी का दशक) कहा है। चंद्रशेखर ने कहा, 'कई मायनों में हमारे प्रधानमंत्री ने युवा भारतीयों को प्रोत्साहित किया कि 'इंडिया टेकेड' का निर्माण और डिजाइन देश तथा दुनिया भर के युवा स्टार्टअप के दृढ़ संकल्प, ऊर्जा और रचनात्मकता के जरिये सृजित होगा।'

चन्द्रयान-3 से भारत जल्द ही चंद्रमा की सतह पर उतरकर अपना लोहा मनवायेगा : चन्द्रशेखर

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत जल्द ही चंद्रमा की सतह का अवलोकन करेगा। चन्द्रशेखर ने गुरुवार को यहां जी20 डीआईए शिखर सम्मेलन के मौके पर कहा, मुझे आज बहुत खुशी हो रही है कि चंद्रयान-3 ने पृथक्करण चरण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और मुझे उम्मीद है कि हम जल्द ही चंद्रमा की सतह को तलाशेंगे।

केंद्रीय मंत्री से जब चंद्रयान-3 मिशन के लैंडर (विक्रम) और प्रोपल्शन मॉड्यूल दोनों के सफलतापूर्वक अलग होने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अलगाव ने चंद्रयान-3 मिशन को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर सॉफ्ट-लैंडिंग मील के पत्थर के करीब तक पहुंचा दिया है।

चन्द्रशेखर ने कहा कि चन्द्रयान-3 की यात्रा बेहद सुखद रही और जो हर भारतीय को गौरवान्वित करती है। भारत ने निश्चित रूप से दुनिया को दिखा दिया है कि इसरो और इसका पारिस्थितिकी तंत्र इस प्रकार की क्षमताओं के मामले में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक है।

चन्द्रयान-3 ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष यान से सफलतापूर्वक उड़ान भरी थी, जो एक जटिल 40-दिवसीय मिशन के पहले चरण को चिह्नित करता है, जिसका उद्देश्य देश को उन देशों के एक विशिष्ट क्लब में शामिल होना है जो सफलतापूर्वक चंद्र सतह पर उतरे हैं।

आईटीआई लिमिटेड

सीआईएन सं.: एल32202केए1950जीओआई000640
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: आईटीआई भवन, दूरवाणी नगर, बेंगलूरू - 560 016
वेबसाइट: www.itiltd.in; ई-मेल: cosecy_crp@itiltd.co.in
टेलीफोन: +91(80)25617486; फैक्स: +91(80)25617525

73वीं वार्षिक आम बैठक का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजन की सूचना।

एतद्वारा यह सूचित किया जाता है कि कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी सभी लागू परिपत्रों के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं उसके अध्याधीन अधिसूचित नियमों एवं भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसरण में बैठक के नोटिस में निर्धारित व्यवसाय संव्यवहारों के लिए आईटीआई लिमिटेड के सदस्यों की **73वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") का आयोजन गुरुवार, दिनांक 28 सितम्बर, 2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे (भारतीय मानक समय) वीडियो कांफ्रेंस ("वीसी") /अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ("ओएवीएम")** से किया जाएगा।

वार्षिक आम बैठक के नोटिस में निर्धारित व्यवसाय संव्यवहारों के उद्देश्य से बैठक के लिए वीसी /ओएवीएम सुविधा की व्यवस्था राष्ट्रीय प्रतिभूति डिपोजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा की जा रही है। वार्षिक आम बैठक के लिए सदस्यों की स्वयं उपस्थिति के लिए प्रावधान नहीं किए गए हैं अत: सदस्य इस बैठक में केवल वीडियो कांफ्रेंस / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम के माध्यम से ही भाग ले पाएंगे। वार्षिक आम बैठक के लिए कोरम पूर्ति हेतु गणना की प्रक्रिया वीडियो कांफ्रेंस /अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम से की जाएगी।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय तथा सेबी के परिपत्र (परिपत्रों) के अनुसरण में कम्पनी की वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ वार्षिक आम बैठक में किए जाने वाले व्यवसाय संव्यवहारों की सूचना उन सदस्यों को इलेक्ट्रानिक स्वरूप में भेज दी जाएगी जिनके ईमेल पते कम्पनी /डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट (पार्टिसिपेंटों) के पास पंजीकृत हैं। वार्षिक आम सभा का नोटिस तथा वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.itiltd.in तथा स्टॉक एक्सचेंजों यथा बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमश: www.bseindia.com एवं www.nseindia.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होगी।

सदस्यों के ईमेल पते के पंजीकरण के लिए :

i. जिन सदस्यों के ईमेल पते कम्पनी / कम्पनी के आरटीए/ डिपोजिटरी के पास पंजीकृत हैं उनके पंजीकृत ईमेल पते पर ई-वोटिंग के लिए लॉगिन विवरण भेज दिया जाएगा।

ii. जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पते का पंजीकरण नहीं किया है उनसे यह अनुरोध है कि वे कृपया निम्नानुसार अपने ईमेल पते का पंजीकरण करवा लें :
- **भौतिक स्वरूप में शेयरों का धारण करने वाले सदस्यों** से यह अनुरोध है कि वे कृपया कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) इंटिग्रेटिड मैनेजमेंट सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड को अपना ईमेल पता तथा मोबाइल नम्बर irg@integratedindia.in पर सूचित करें।
- **डिमेट स्वरूप में शेयरों का धारण करने वाले सदस्यों** से यह अनुरोध है कि वे कृपया अपने डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से संबंधित डिपोजिटरी के पास अपना ईमेल पता और मोबाइल नम्बर पंजीकृत करवाएं।

ई-वोटिंग के माध्यम से वोट देने तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग /अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम से वार्षिक आम बैठक में भाग लेने की विधि :

सदस्य रिमोट ई-वोटिंग सुविधा (''रिमोट ई-वोटिंग'') के माध्यम से वार्षिक आम सभा के नोटिस में निर्धारित व्यवसाय संव्यवहारों पर वोट दे सकेंगे। ई-वोटिंग की यह सुविधा उन सदस्यों को वार्षिक आम बैठक के आयोजन के अवसर पर भी उपलब्ध होगी जो रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं दे पाए हैं। वार्षिक आम बैठक के आयोजन से पूर्व तथा आयोजन के दौरान ई-वोटिंग किए जाने की विस्तृत प्रक्रिया वार्षिक आम बैठक के नोटिस में दी गई है।

बैंक विवरण सहित केवाईसी (KYC) पंजीकरण की विधि:

(क) **भौतिक स्वरूप में शेयरों का धारण करने वाले** - सेबी द्वारा जारी दिनांक 3 नवम्बर, 2021 के परिपत्र में शेयरों का धारण भौतिक स्वरूप में करने वाले सदस्यों के लिए अपने पैन (PAN), केवाईसी (KYC) विवरण एवं नामांकन का पंजीकरण किए जाने की अनिवार्यता की गई है। तदनुसार, शेयरों का भौतिक स्वरूप में धारण करने वाले सदस्यों से यह अनुरोध है कि वे कम्पनी की वेबसाइट www.itiltd पर उपलब्ध फार्म - आईएसआर - 1 एवं संबंधित फार्मों को विधिवत भरकर अपने पैन (PAN), केवाईसी (KYC) विवरण एवं नामांकन का विवरण रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट को उनके पते इंटीग्रेटिड रजिस्ट्री मैनेजमेंट सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, 30, रामन्ना रेजिडेंसी, 4th क्रॉस, सेम्पिगे रोड, मालेश्वरम, बेंगलुरु - 560 003 पर अथवा उनके ईमेल पते पर भिजवाने की व्यवस्था करें।

(ख) **डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अपने डिमेट खाते में डिमेट स्वरूप में शेयरों का धारण करने वाले** सदस्य अपने डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट द्वारा सूचित की जाने वाली प्रक्रिया के अनुसार।

सदस्यों से यह अनुरोध है कि वे वार्षिक आम बैठक के नोटिस में किए गए प्रत्येक उल्लेख, विशेष रूप से वार्षिक आम बैठक में भाग लेने तथा रिमोट ई-वोटिंग एवं वार्षिक आम बैठक में ई-वोटिंग के माध्यम से वोट देने की विधि, का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें।

सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर 73वीं वार्षिक आम बैठक का नोटिस लागू कानून का अनुसरण करके विधिवत स्वरूप में भेज दिया जाएगा।

निदेशक मंडल के आदेश से जारी
आईटीआई लिमिटेड के निमित

स्थान: बेंगलुरु
दिनांक: 17 अगस्त 2023

(शालिनी घटक)
कंपनी सचिव

भाजपा ने चुनाव प्रबंधन व घोषणा पत्र समिति बनाई, वसुंधरा राजे का नाम नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को यहां दो महत्वपूर्ण समितियों, चुनाव प्रबंधन समिति व संकल्प (घोषणा) पत्र समिति के गठन की घोषणा की। इन दोनों ही समितियों में पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुन्धरा राजे का नाम शामिल नहीं है। राजे की भूमिका के बारे में पूछे गए प्रश्न को प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने यह कहते हुए टाल दिया कि 'बाकी सभी वरिष्ठ नेता प्रचार करेंगे।' पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने यह घोषणा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार इन समितियों की घोषणा की गई है और उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले चुनाव में दोनों समितियों के अनुभव का लाभ प्रदेश को मिलेगा। इसके तहत घोषणा पत्र समिति की कमान केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को जबकि चुनाव प्रबंधन समिति की कमान पूर्व सांसद नारायण पंचारिया को दी गई है। जोशी ने कहा कि पार्टी की 'प्रदेश संकल्प पत्र समिति' के संयोजक केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल होंगे। इस 25 सदस्यीय समिति में राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी व किरोड़ी लाल मीणा, राष्ट्रीय मंत्री अल्का सिंह गुर्जर, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी तथा राखी राठौड़ को सह संयोजक बनाया गया है।

वहीं प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद नारायण पंचारिया को बनाया गया है। इस समिति में 25 सदस्य हैं। इसमें पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री ओंकार सिंह लखावत, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, प्रदेश महामंत्री भजनलाल, प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, पूर्व सूचना आयुक्त सीएम मीणा सह संयोजक व कन्हैया लाल बैरवाल सह संयोजक होंगे। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि पार्टी ने इन दोनों ही महत्वपूर्ण समितियों में पूर्व मुख्यमंत्री राजे को नहीं रखकर सबको चौंका दिया है।

जब राजे की भूमिका बारे में पूछा गया तो पार्टी के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने केवल इतना कहा, बाकी सभी वरिष्ठ नेता प्रचार करेंगे। बाद में जब उनसे राजे व कई अन्य नेताओं को समितियों में जगह नहीं दिए जाने के बारे में दुबारा पूछा गया तो उन्होंने कहा,पार्टी के अनेक कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारी दी जाती है और सबको जिम्मेदारी पार्टी देगी। विश्लेषकों के अनुसार पार्टी को अभी राज्य में प्रचार प्रसार समिति बनानी है और देखना होगा कि इसमें राजे का नाम आता है या नहीं।

राजेश पायलट का अपमान करके, वायु सेना के बलिदान का अपमान कर रही है भाजपा : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कांग्रेस नेता राजेश पायलट का अपमान करके भारतीय वायुसेना के बलिदान का अपमान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश को इसकी निंदा करनी चाहिए। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में यह बात कही। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया था कि राजेश पायलट और सुरेश कलमाड़ी भारतीय वायु सेना के उन विमानों को उड़ा रहे थे, जिनसे पांच मार्च, 1966 को मिजोरम की राजधानी आइजोल पर बमबारी की गयी थी।

गहलोत ने सोशल मीडिया पर लिखा, कांग्रेस नेता राजेश पायलट भारतीय वायुसेना के वीर पायलट थे। उनका अपमान करके भाजपा भारतीय वायुसेना के बलिदान का अपमान कर रही है। उन्होंने लिखा है, इसकी पूरे देश को निंदा करनी चाहिए। दिवंगत राजेश पायलट, कांग्रेस नेता और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के पिता हैं। सचिन ने मालवीय के दावे पर पलटवार करते हुए मंगलवार को लिखा था, आपके पास गलत तारीखें, गलत तथ्य हैं...हां, भारतीय वायु सेना के पायलट के रूप में मेरे दिवंगत पिता ने बम गिराए थे।

अशोक गहलोत ने नेहरू संग्रहालय का नाम बदलने को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नयी दिल्ली स्थित नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) का नाम बदलकर प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसायटी किए जाने को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधा और इस कदम को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा,केंद्र की राजग सरकार अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों द्वारा किए गए कार्यों का नाम बदलने के लिए किस स्तर तक जाएगी यह समझ के परे है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

गहलोत ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कामों का जिक्र करते हुए लिखा, किसी भी प्रधानमंत्री को तो गर्व होना चाहिए कि इस देश को पंडित जवाहरलाल नेहरू जी जैसे पहले प्रधानमंत्री मिले जिन्होंने 17 साल के कार्यकाल में मजबूत भारत की आधारशिला रखी और आईआईटी, आईआईएम, बीएआरसी, भेल, योजना आयोग, भाखड़ा नांगल बांध, नागार्जुन सागर बांध और कई अन्य परियोजनाओं के अलावा कई अग्रणी संस्थान दिये जिनकी भारत के विकास में अहम भूमिका है। गुट निरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) और पंचशील के सिद्धांत पंडित नेहरू की देन हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समझ से परे है कि ऐसे महान व्यक्ति जिस घर में 16 साल रहे, जिस जगह की पहचान 'नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय' के रूप में है, उसका नाम बदलकर 'प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय' कर वे क्या हासिल करना चाहते हैं? उल्लेखनीय है कि एनएमएमएल का नाम बदले जाने के निर्णय के कुछ सप्ताह बाद सरकार ने औपचारिक रूप से बुधवार को इसका नाम प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसायटी कर दिया। पहले यह पूरी तरह से देश के प्रथम प्रधानमंत्री को समर्पित था, लेकिन सरकार ने अन्य सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों को इसमें प्रमुखता से स्थान देने के लिए इसका नाम बदलने का निर्णय लिया था।

प्रदर्शन

अजमेर में गुरुवार को प्रदेश में लगातार बढ़ते महिला अपराध व अत्याचार के खिलाफ अजमेर में विधायक श्रीमती अनिता भदेल के नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं समेत आम महिलाएं उपस्थित रहीं।

मजबूत सड़क तंत्र से प्रशस्त होगा मिशन-2030 का मार्ग : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने का संकल्प लिया है। एक मजबूत सड़क तंत्र से मिशन-2030 का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में प्रदेश में सड़क विकास के उत्कृष्ट कार्य हुए हैं, जिसके फलस्वरूप हमारी सड़कों की प्रशंसा देशभर में हो रही है। आज प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों के गांव-ढाणियां सुरक्षित और सुगम सड़क तंत्र से जुड़ रहे हैं, जिससे आमजन को रोजगार मिला है और उनकी आय में वृद्धि हुई है।

गहलोत गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से 4,817 करोड़ रुपए की लागत के 153 सड़क विकास कार्यों के लोकार्पण तथा शिलान्यास कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार दुर्घटना रहित सुरक्षित और सुगम सफर के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण सड़कों का जाल बिछा रही है। इससे निवेशकों के लिए एक सकारात्मक माहौल बना है और प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने बजट घोषणाओं को तेज गति से धरातल पर उतारने के लिए सार्वजनिक निर्माण और अन्य विभागों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जयपुर में बन रहे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड एण्ड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में और मजबूती आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा उच्च गुणवत्तापूर्ण सड़कों का विकास किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के 50 प्रमुख राज्य राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्गों में क्रमोन्नत करने की मांग को लेकर कई बार केंद्र सरकार को पत्र लिखा गया। राज्य में निवेश की प्रबल संभावना रखने वाले कई क्षेत्र हैं, इनके राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने से औद्योगिक विकास को गति मिलेगी तथा रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी, जिससे जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

गहलोत ने कहा कि राज्य राजमार्गों पर टोल संग्रहण के लिए फास्टैग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे आवागमन में सुगमता आई है तथा आमजन को समय की बचत हो रही है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों को सड़क से जोड़ने का कार्य भी प्राथमिकता से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 1 लाख कि.मी. से अधिक सडकों का विकास कराने का लक्ष्य रखा है। इसमें अभी तक 66 हजार कि.मी. से अधिक सड़कों का विकास हो चुका है।

नगर निगम, नगर परिषद और नगरपालिकाओं में भी पीडब्ल्यूडी के माध्यम से सड़कें बनवाई जा रही हैं। आगे भी नवीन सड़क निर्माण, सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाईकरण के कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि तय समय सीमा में ही गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण होने से आमजन को राहत मिली है।

गहलोत ने कहा कि वर्ष 2030 से पहले राज्य के 100 की आबादी वाले गांवों को भी सड़कों से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। राज्य सरकार 2030 तक राजस्थान को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शुमार करने का विजन लेकर चल रही है। इसमें सभी प्रदेशवासियों की भागीदारी आवश्यक है। इसके लिए मुहिम चलाकर अर्थशास्त्रियों, लेखकों, पत्रकारों, विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं, बुद्धिजीवियों, खिलाड़ियों सहित एक करोड़ प्रदेशवासियों से सुझाव लिए जाएंगे। राज्य सरकार इन्हें समाहित कर मिशन 2030 का विजन डॉक्यूमेंट जारी करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018-19 में प्रदेश की अर्थव्यवस्था करीब 9 लाख 11 हजार करोड़ रुपए थी। यह आज करीब 14.14 लाख करोड़ रुपए है। इसे वर्ष 2030 तक करीब ढाई गुना बढ़ाकर 35.71 लाख करोड़ रुपए ले जाने का हमारा लक्ष्य है।

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में अब ई-रिक्शा से भ्रमण करेंगे पर्यटक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। विश्व पर्यटन में अपनी अनूठी पहचान स्थापित किये हुए केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान न केवल प्रकृति प्रेमियों के लिए बल्कि पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। 350 से ज्यादा प्रवासी पक्षियों के घर केवलादेव में प्रति वर्ष हजारों की संख्या में देशी- विदेशी पर्यटक पक्षियों के साथ वन्यजीवों की अटखेलियां निहारने पहुंचते है। इसी को मध्यनजर रखते हुए केवलादेव प्रशासन द्वारा पर्यटकों की सुविधाओं के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है।

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के उप वन संरक्षक मानस सिंह ने बताया कि पर्यटकों के लिए उद्यान में पूर्णतया मैनुअल रिक्शा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है एवं ई- रिक्शा की शुरुआत की गयी है। उन्होंने बताया कि अब तक 90 से ज्यादा ई- रिक्शा का पंजीकरण हो चुका है। ई- रिक्शा के जरिये पर्यटक कम समय में उद्यान भ्रमण कर पाएंगे। साथ ही रिक्शा चालकों को भी किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही मैनुअल रिक्शा को फॉसिल -फ्यूल फ्री ई- रिक्शा से प्रतिस्थापित किया गया है, जो कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी बेहतरीन साबित होगा। मानस ने कहा कि केवलादेव प्रशासन नॉइज़ फ्री एवं प्रदूषण मुक्त पर्यावरण संरक्षण के लिए पूर्णतया संकल्पबद्ध है। इसी दिशा में लगातार नित नए नवाचार कर केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान को संरक्षित किया जा रहा है।

केवलादेव भ्रमण पर इंग्लैंड से पहुंची पर्यटक बेंका ने बताया कि वो यहाँ पक्षियों की अठखेलियां एवं हरियाली देखकर रोमांचित है। उन्होंने कहा कि उद्यान में ई- रिक्शा से घूमना उनके लिए एक रोमांच के साथ शोर एवं प्रदूषण मुक्त भ्रमण है। साथ ही उद्यान प्रशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां की व्यवस्थाएं एवं इंग्लैंड से काफी भिन्न है इसलिए उन्हें यहाँ वन्य जीवन को जानने के साथ बहुत कुछ सीखने को भी मिल रहा है।

विजय संकल्प के साथ काम करेंगी समितियां : जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के निर्देशन में (प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति) और (प्रदेश संकल्प पत्र समिति) की घोषणा की गई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने प्रेसवार्ता करके दोनों समितियों की विधिवत घोषणा की। इस दौरान प्रेसवार्ता में केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी भी मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बताया कि प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक पूर्व सांसद एंव भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पचारिया को बनाया गया है। सह-संयोजक पद पर ओंकार सिंह लखावत, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सासंद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा, दामोदर अग्रवाल, सीएम मीणा और कन्हैयालाल बेरवाल वहीं समिति में राजेंद्र सिंह शेखावत, प्रमोद वशिष्ठ, शंकर अग्रवाल, आनंद शर्मा, पंकज गुप्ता, निर्मल शर्मा, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, सुनील कोठारी, हीरेन्द्र कौशिक, धनराज सोलंकी, निर्मल नाहटा, अभिषेक रावत, डॉ.अपूर्वा सिंह और स्नेहा कांबोज को सदस्य नियुक्त किया गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बताया कि ''संकल्प पत्र समिति'' का संयोजक केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को बनाया गया है। सह-संयोजक पद पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी, किरोडी लाल मीणा, अल्का सिंह गुर्जर, राव राजेंद्र सिंह, सुभाष महरिया, प्रभु लाल सैनी और राखी राठौर को नियुक्त किया गया है। वहीं सुशील कटारा, हिमांशु शर्मा, अशोक रामदास अग्रवाल, रतन लाल गाडरी, रामगोपाल सुथार, प्रभु धोबी (बाडोवालिया), मोहन नाई जसवंत बिश्नोई, खेमराज देसाई, अशोक वर्मा, सी.एम. मीणा, ममता शर्मा, प्रकाश माली, श्याम सिंह चौहान, डॉ. मनन चतुर्वेदी, सरदार जसबीर सिंह और डॉ एसएस अग्रवाल को सदस्य नियुक्त किया गया है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा ''प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति'' और ''संकल्प पत्र समिति'' में अनुभवी टीम की घोषणा की गई है। प्रदेश की जनता गहलोत राज से पूरी तरह हताश और तंग है। चाहे वह महिला अपराध, भ्रष्टाचार, युवाओं और किसानों से वादाखिलाफी कोई भी क्षेत्र हो गहलोत सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से छुटकारा पाना चाहती हैं। दोनों घोषित टीमें विजय संकल्प के साथ काम करेंगी और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी।

खेलों के विकास, खिलाड़ियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार : रेहाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चूरू। राज्य सरकार की ओर से अभिनव पहल के रूप में शुरू किए गए राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल 2023 अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय स्पर्धाओं का जिलेभर में गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इसी सिलसिले में राजस्थान राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज ने गुरुवार को जिला स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय खेलों का शुभारंभ किया। उन्होंने फीता काटकर रस्साकशी मैच का उद्घाटन किया तथा खिलाड़ियों से परिचय किया। काफी देर तक उन्होंने मैच का लुत्फ उठाया और खिलाड़ियों का हौसला बढाया। इस मौके पर संबोधित करते हुए आयोग अध्यक्ष रियाज ने कहा कि राजस्थान दुनिया का पहला राज्य है, जहां इस तरीके से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन राज्य सरकार द्वारा करवाया जा रहा है। प्रदेशवासियों के बेहतर स्वास्थ्य और खिलाड़ियों को मंच देने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा यह अद्भुत पहल की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में खेलों के विकास और खिलाड़ियों के कल्याण के लिए एक से बढ़कर एक अद्भुत और उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। आज राजस्थान की खेल सुविधाओं को देखकर दूसरे राज्यों के खिलाड़ी भी राजस्थान से खेलने का सपना पाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी जमाने में इतनी सुविधाएं नहीं थीं लेकिन फिर भी हमारे महान खिलाड़ियों ने संघर्ष किया और अपनी प्रतिभा व मेहनत का लोहा मनवाकर देश का नाम ऊंचा किया।

अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीआर मीणा ने कहा कि खेलों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में किसी न किसी खेल को स्थान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों की दुनिया में चूरू जिले का ऊंचा स्थान है। युवा खिलाड़ियों को अधिक मेहनत करते हुए उस कसौटी से भी ऊपर स्वयं को साबित करना चाहिए।

निर्वाचन प्रक्रियाओं को गहनता से समझने का अवसर : गुप्ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारियों की कानून-व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता की पालना, निर्वाचक नामावली का अद्यतन आदि निर्वाचन-कार्यों में अहम भूमिका होती है। इसलिए उन्हें निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया के व्यावहारिक पहलुओं का गहनता से अध्ययन करना आवश्यक है।

गुप्ता गुरुवार को हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान में शुरू हुए दो दिवसीय सर्टिफिकेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के विशेषज्ञों द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी प्रकियाओं पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूचियों के आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विभाग ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। इसके माध्यम से 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में वे मताधिकार का उपयोग कर सके।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं के निकट मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1425 मतदाता संख्या होने पर और 2 किलोमीटर की परिधि में ही मतदान केन्द्र बनाए जा रहे हैं। साथ ही, विशेष योग्यजनों, ट्रांसजेण्डर्स व पीवीटीजी (विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूह) के मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए विशेष क्लस्टर कैम्प भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के रिसॉर्स पर्सन के तौर पर आरिज आफताब, अनिल सलगोत्रा, आर के सिंह, प्रवास जैन, अशोक कुमार और मनीष गर्ग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचन विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण एवं सर्टिफिकेशन कार्यक्रम के बाद परीक्षा के माध्यम से आंकलन भी किया जाएगा।

कार्यक्रम के पहले दिन कानून-व्यवस्था, जिला निर्वाचन प्रबन्धन योजना, आदर्श आचार संहिता, स्वीप, वल्नरेबिलिटी मैपिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

वहीं दूसरे दिन ईवीएम-वीवीपैट, पेड न्यूज एवं मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति, व्यय अनुरीक्षण एवं निर्वाचन व्यय लेखा सहित विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी दी जाएगी।

सेना, एनडीआरएफ की टीम ने कपूरथला में बाढ़ प्रभावित गांवों से 300 लोगों को बचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कपूरथला/गुरदासपुर/भाषा। सेना और एनडीआरएफ के दलों ने बृहस्पतिवार को पंजाब के कपूरथला जिले में बाढ़ग्रस्त गांवों से लगभग 300 लोगों को बचाया।

कपूरथला के उपायुक्त करनैल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और सेना की छह टीमों ने बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए छह नावें लगाईं और निकाले गए सभी लोगों को राहत शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

भाखड़ा बांध से अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के कारण ब्यास नदी में आई बाढ़ के चलते कुल 22 गांव प्रभावित हुए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि शुक्रवार तक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि कुछ बाढ़ प्रभावित लोग अपने खेतों की देखभाल के लिए 'धूसी बंधों' (तटबंधों) के अंदर 'डेरों' में रह रहे हैं, जबकि लगभग 40 लोग अपने टूटे हुए घरों और अपने मवेशियों को छोड़ने के अनिच्छुक हैं।

इस सप्ताह पोंग और भाखड़ा बांधों से अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के बाद होशियारपुर, गुरदासपुर, रूपनगर और कपूरथला जिलों के कुछ हिस्से जलमग्न हो गए।

गुरदासपुर जिले के कुछ प्रभावित इलाकों में बचाव और राहत कार्य में सेना और एनडीआरएफ की टीमें भी मदद कर रही हैं।

अधिकारियों ने कहा कि जिले में चिकित्सा दलों को नावों से घरों में भेजा गया है ताकि तीन दिनों से अपने घरों में फंसे उन लोगों की जांच की जा सके और जो बाहर नहीं जाना चाहते हैं।

बिहार सरकार ने रेत खनन के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के लिए कहा

पटना/भाषा। बिहार सरकार ने जिलाधिकारियों को राज्य में अवैध रेत खनन के खिलाफ कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया है। खान एवं भूविज्ञान विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) परमार रवि मनुभाई ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उनके विभाग ने जिला खनन अधिकारियों को उन पंजीकृत ईंट भट्ठा मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी निर्देश दिया है, जिन्होंने वर्षों से सरकार को बकाया राशि और रॉयल्टी का भुगतान नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अवैध रेत खनन में शामिल माफिया के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। भोजपुर में सुरौंधांड के पास सोन नदी के तट पर जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने छापेमारी की। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे शुरू हुई यह छोमारी बुधवार सुबह छह बजे तक चली।

छापेमारी में नौ पोकलेन मशीनें जब्त की गईं और इन मशीनों के मालिकों पर 6.30 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया। भोजपुर के जिलाधिकारी राज कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, जिले में इस वित्तीय वर्ष में 14 अगस्त तक रेत के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से करीब 18 करोड़ रुपए जुर्माना वसूला गया है। उन्होंने कहा, इस वित्तीय वर्ष में अब तक 755 छापे मारे गए हैं, 158 प्राथमिकी दर्ज की गई और जिले में 6.55 लाख घन फुट रेत जब्त की गई है। 70 रेत तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और अवैध खनन और परिवहन में लगे 865 वाहन जब्त किए गए हैं।

राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो' किया, प्रधानमंत्री 'भारत तोड़ो' कर रहे हैं : खरगे

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा नहीं करने को लेकर बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो' का काम किया तो प्रधानमंत्री मोदी 'भारत तोड़ो' का काम कर रहे हैं। उन्होंने यहां तालकटोरा स्टेडियम में महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन में यह दावा भी किया कि सरकार विपक्षी नेताओं को जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर डराने का प्रयास कर रही है, लेकिन विपक्ष एवं कांग्रेस के नेता डरने वाले नहीं हैं।

खरगे ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए संबोधन का उल्लेख करते हुए कटाक्ष किया, अब उन्होंने भाइयो-बहनों कहना छोड़ दिया। अब कह रहे हैं 'परिवार वालों'। उन्होंने कहा आप (सरकार) सीबीआई, ईडी का उपयोग कर रहे हैं और विपक्ष को सता रहे हैं, कांग्रेस को सता रहे हैं। कांग्रेस पार्टी डरने वाली नहीं है। खरगे ने कहा, हमने संसद में मणिपुर के बारे में बोलने के लिए प्रधानमंत्री से बार-बार आग्रह किया। जब वह नहीं बोले तब लोकसभा में हमें अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के पास मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जाकर चुनाव प्रचार करने के लिए समय है, लेकिन मणिपुर में जाने का समय नहीं है... उनको समाधान नहीं करना है। ये लोग मणिपुर को जोड़ने का नहीं, बल्कि तोड़ने का काम करते हैं। कांगेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया, राहुल गांधी जी 4000 किलोमीटर पैदल चले। उन्होंने 'भारत जोड़ो' किया, लेकिन मोदी जी 'भारत तोड़ो' का काम करते हैं।

'आईसीयू' में है दार्जिलिंग का चाय उद्योग : आईटीईए चेयरमैन

कोलकाता/भाषा। भारतीय चाय निर्यातक संघ (आईटीईए) के चेयरमैन अंशुमन कनोरिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि दार्जिलिंग चाय उद्योग 'आईसीयू में भर्ती मरीज' की तरह है और दम तोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दार्जिलिंग चाय उद्योग को जीवित रखने के लिए सब्सिडी के रूप में कुछ सरकारी सहायता की जरूरत है जो नेपाल से आने वाली चाय से उत्पन्न खतरे को दूर करने में मदद करेगी।

यहां बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित सत्र में कनोरिया ने कहा, दार्जिलिंग चाय हमारे लिए एक भावना है। यह हमारे खून में बहती है। आज, दार्जिलिंग चाय उद्योग वस्तुतः आईसीयू में एक मरीज की तरह भर्ती है। 2017 में राजनीतिक आंदोलन और उसके बाद लॉकडाउन के कारण बागानों के बंद होने से पूरे उद्योग को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, इससे बहुत सारे विदेशी खरीदारों को दूर कर दिया गया और हमारे पड़ोसी (श्रीलंका) को कुछ निर्यात बाजार पर कब्जा करने का मौका मिला। नेपाल की चुनौती गंभीर हो गई है क्योंकि वह भारतीय बाजार में घुसपैठ कर रहा है। दार्जिलिंग की फसल प्रतिवर्ष 65 लाख किलोग्राम तक कम होने के साथ नेपाल में उत्पादन 60 लाख किलोग्राम हो गया है।

प. बंगाल का भारत-अमेरिका संबंधों के जरिये राज्य में अधिक रोजगार सृजन पर जोर

कोलकाता/भाषा। पश्चिम बंगाल ने बृहस्पतिवार को भारत-अमेरिका संबंधों के माध्यम से राज्य में ज्यादा रोजगार सृजन पर जोर दिया। पश्चिम बंगाल के प्रधान मुख्य सलाहकार अमित मित्रा ने कहा कि समय की मांग निर्यात के माध्यम से अधिक रोजगार सृजन, राज्य में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करना और मूल्य-शृंखला के एकीकरण की है।

इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित करते हुए मित्रा ने कहा, सत्र 2022-23 के दौरान प्रदेश से अमेरिका को निर्यात सालाना आधार पर 55 प्रतिशत बढ़ा है।

मित्रा को राज्य कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला हुआ है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल से अमेरिका में निर्यात 13 से 15 अरब डॉलर के बीच है। उन्होंने कहा, भारत के अमेरिका को कुल निर्यात का लगभग 10 प्रतिशत पश्चिम बंगाल से है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल से अमेरिका निर्यात होने वाली प्रमुख वस्तुओं में रत्न एवं आभूषण, झींगा, विग के लिए मानव बाल और औद्योगिक दस्ताने आदि प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में बढ़तीं विनिर्माण गतिविधियों के लिए अमेरिका और राज्य के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ाने की जरूरत है।

सपा कार्यकर्ता जनता को भाजपा की सच्चाई बताएं: अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाकर उसे उसकी सच्चाई बताएं।

यादव ने लोक जागरण अभियान के तहत बांदा में आयोजित दो दिवसीय समाजवादी प्रशिक्षण शिविर के समापन पर अपने सम्बोधन में कहा, भाजपा सरकार की हर योजना में भ्रष्टाचार है। अगर हम समाजवादियों ने लोगों को नहीं जगाया तो भाजपा लोगों को अंधकार में ले जाएगी। समाजवादियों की जिम्मेदारी है कि जनता के बीच पहुंचकर उन्हें सच्चाई बताएं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, जिस दल से समाजवादी पार्टी का मुकाबला है वो भगवान की कसम खाकर भी झूठ बोलते हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में महंगाई, भ्रष्टाचार, अन्याय और अपराध के साथ असमानता बढ़ती जा रही है, समाज को बांटने की साजिशें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का मुकाबला भाजपा की 'षड्यंत्रकारी नीतियों और झूठे प्रचार' से है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के पास महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और इसे सभी लोगों ने देखा है। प्रधानमंत्री के उद्घाटन करने के बाद बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे धंस गया, लेकिन भाजपा सरकार ने इस भ्रष्टाचार की जांच नहीं कराई।

वाराणसी में आयोजित होगा 'यूपी दर्शन' सम्मेलन, 500 से ज्यादा कंपनियों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

लखनऊ/भाषा। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में शुक्रवार को आयोजित होने जा रहे 'यूपी दर्शन' सम्मेलन में पर्यटन क्षेत्र की 500 से ज्यादा कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उद्योग मंडल 'एसोचैम' और पर्यटन क्षेत्र के कुटीर, लघु एवं मझोले उद्योगों (एमएसएमई) के मंच 'माई अतिथि डॉट ग्लोबल' शुक्रवार को वाराणसी 'यूपी दर्शन-भारत में पर्यटन और आतिथ्य का उद्यमशील आकर्षण' कार्यक्रम का संयुक्त रूप से आयोजन करेंगे। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह सम्मेलन वाराणसी शहर और राज्य में पर्यटन क्षेत्र के पेशेवर लोगों के लिए नेटवर्किंग, ज्ञान के आदान-प्रदान व अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन का एक अवसर होगा।

कोलकाता में 'मेरा बंगाल, नशामुक्त बंगाल' अभियान की शुरुआत की राष्ट्रपति मुर्मू ने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलकाता/भाषा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवाओं के बीच मादक पदार्थों के बढ़ते चलन के प्रति बृहस्पतिवार को चिंता जताई और कहा कि इस खतरे को दूर करने के लिए समाधान तलाश किए जाने की जरूरत है। राज भवन में एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने मेरा बंगाल, नशामुक्त बंगाल अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम का आयोजन 'ब्रह्मकुमारीज' ने किया था। राष्ट्रपति ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारें इस समस्या से निपटने के लिए विभिन्न पहलुओं पर काम कर रही हैं।

मुर्मू ने कहा, मादक पदार्थ समाज और देश के लिए चिंता का विषय है। नशे के कारण युवा जीवन की सही दिशा नहीं चुन पाते हैं। ये बहुत चिंताजनक है और इस मसले में सभी दिशा से काम किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अध्यात्मिक चेतना जगा कर, उपचार,सामाजिक एकता और राजनीतिक इच्छाशक्ति से हालात में सुधार लाया जा सकता है। राष्ट्रपति ने इस प्रकार के मुद्दों को उठाने और उनके हल की दिशा में काम करने के लिए ब्रह्मकुमारीज जैसी संस्थाओं की सराहना की।

राष्ट्रपति ने कहा, मानसिक दबाव के कारण अथवा सहपाठियों के दबाव के कारण, किन्हीं भी हालात में नशे की लत सेहत के लिए हानिकारक है। नशे से अन्य प्रकार के विकार भी पैदा होते हैं। नशा करने वाले व्यक्ति के परिवारों को भी इसके कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नशे की गिरफ्त में आए लोगों से अपना जीवन बर्बाद नहीं करने की अपील की।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की

पुरी/भाषा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बृहस्पतिवार को ओडिशा के 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर पहुंचीं और पूजा-अर्चना की। सीतारमण के साथ इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा, स्थानीय विधायक जयंत सारंगी तथा ललितेंदु विद्याधर महापात्र मौजूद थे। केंद्रीय वित्त मंत्री ने मंदिर में आधे घंटे से अधिक समय पूजा की। सीतारमण ने मशहूर रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक के 'मेरी माटी, मेरा देश' पर आधारित रेत कला सत्र भी देखा। सीतारमण और प्रधान ने पुरी के पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया और स्वतंत्रता सेनानी शहीद जयी राजगुरु के जन्मस्थान भी गए।

सीतारमण ने लोगों को 'पंच प्रण' की शपथ दिलाने के साथ पुरी में शहीद के गांव की माटी एकत्रित की

पुरी/भाषा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के पुरी में सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल लोगों को 'पंच प्रण' की शपथ दिलाई। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि हर भारतीय को अंग्रेजों से विरासत में मिली गुलामी की मानसिकता से मुक्त होना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि भारत का विकसित और आत्म निर्भर होने का सपना तभी साकार होगा जब हम इस शपथ के मार्ग पर चलेंगे। उन्होंने कहा,'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने औपनिवेशिक मानसिकता की हर निशानी को हटा देने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

सीतारमण के साथ कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने शपथ को पढ़ा जिसमें कहा गया,'हम भारत को वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की शपथ लेते हैं, हम औपनिवेशिक मानसिकता की हर निशानी को हटाने की शपथ लेते हैं, हम शपथ लेते हैं कि अपनी विरासत का जश्न मनाएंगे, हम एकता को मजबूत करने एवं देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने की शपथ लेते हैं और हम शपथ लेते हैं कि एक नागरिक की सभी जिम्मेदारी निभाएंगे।

इस दौरान सीतारमण के साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने कहा,'शहीदों के सम्मान में मोदी ने 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान की शुरुआत की है। मैं, आप सबका और भी अच्छे भारत के लिए शपथ लेने का धन्यवाद करता हूं।

जब भी संकट आता है तो प्रधानमंत्री मोदी चुप्पी साध लेते हैं: केजरीवाल

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर मणिपुर में जातीय हिंसा पर चुप रहने का आरोप लगाया और कहा कि कम से कम वह शांति की अपील कर सकते थे। दिल्ली विधानसभा में केजरीवाल ने कहा कि जब भी देश में संकट की स्थिति आती है तो प्रधानमंत्री चुप्पी साध लेते हैं।

केजरीवाल ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री पिता तुल्य हैं। उन्होंने मणिपुर की बेटियों से मुंह मोड़ लिया। आप अपने कमरे में बैठे रहे। पूरा देश प्रधानमंत्री की चुप्पी का कारण पूछ रहा है। यह पहली बार नहीं है कि वह चुप हैं। जब भी पिछले नौ वर्षों में संकट की स्थिति आई प्रधानमंत्री चुप्पी साधे रहे। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व प्रमुख और भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के हालिया विरोध के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि चैंपियन पहलवानों ने सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया, लेकिन प्रधानमंत्री चुप रहे। केजरीवाल ने कहा, जब पहलवानों ने ओलंपिक में पदक जीते तो प्रधानमंत्री मोदी उनके साथ तस्वीरें खिंचवाने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्होंने उनसे कहा था 'तुम मेरी बेटी हो। लेकिन जब वे विरोध कर रहे थे, तो वह चुप रहे।

मेघालय के मुख्यमंत्री ने 'ट्रैवलर्स नेस्ट' पहल का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिलांग/भाषा। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने बृहस्पतिवार को राज्य के आर्थिक मॉडल को आगे बढ़ाने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने खासी के प्रसिद्ध जंगलों के करीब ईस्ट खासी हिल्स में मावफलांग के क्यीम गांव में द ट्रैवलर्स नेस्ट का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, हमारी ताकत सामुदायिक भागीदारी में निहित है, जिसका लाभ हम अपने आर्थिक मॉडल के लिए उठा रहे हैं।

संगमा ने सरकार, समुदाय और जनता सहित विभिन्न हितधारकों की सामूहिक जिम्मेदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा, मेघालय की प्रगति अकेले नहीं हासिल की जा सकती है। इसमें प्रत्येक हितधारक को भूमिका निभानी है और अंतिम लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इन भूमिकाओं की पहचान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार सामुदायिक क्षमता द्वारा संचालित सतत आर्थिक विकास के एक उदाहरण के रूप में मेघालय की शक्तियों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, हम अपने राज्य की ताकत के आधार पर एक अर्थव्यवस्था और आजीविका का निर्माण कर रहे हैं। यह एक ऐसा मॉडल है जिसे हम दुनिया के सामने प्रदर्शित करना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री ने द ट्रैवलर्स नेस्ट जैसी पहल की भूमिका को लेकर आशा व्यक्त की। ट्रैवेलर्स नेस्ट, पहले से निर्मित एक संरचना है, जिसमें आगंतुकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पांच कॉटेज और एक रेस्तरां है और यह राज्य की राजधानी से 28 किमी दूर, दक्षिण में स्थित है। उन्होंने कहा, पर्यटन हमारे लिए एक प्रमुख क्षेत्र है। हमारा लक्ष्य हितधारकों की मदद से इस क्षेत्र में करीब एक लाख रोजगार के अवसर पैदा करना है।

अमेरिका में दो साल बाद पहला एकल मैच जीते नोवाक जोकोविच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मेसन/एपी। तेईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने 2021 के बाद अमेरिका में पहला एकल मैच जीता।

उन्होंने अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन में हराया जब कमर में चोट के कारण स्पेन के इस खिलाड़ी को दूसरे सेट में ही कोर्ट छोड़ना पड़ा। दूसरी रैंकिंग वाले जोकोविच ने पहला सेट 6.4 से जीता और दूसरे में दो अंक से आगे थे। डेविडोविच को इसके बाद दर्द उठा और मैच 46 मिनट में ही खत्म हो गया। कोरोना टीका नहीं लगवाने के कारण जोकोविच दो साल में अमेरिका में नहीं खेल सके थे। वह यहां 2019 के बाद पहली बार खेल रहे हैं। वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन 2020 में न्यूयॉर्क में खेला गया था। चौथी रैंकिंग वाले स्टेफानोस सिटसिपास ने अमेरिका के बेन शेल्टन को 7.6, 7.6 से मात दी। महिला वर्ग में शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने अमेरिकी क्वालीफायर डेनियेले कोलिंस को 6.1, 6.0 से हराया। अब उनका सामना झेंग किनवेन से होगा जिसने 43 वर्ष की वीनस विलियम्स को 1.6, 6.2, 6.1 से मात दी। महिला वर्ग में ही 18 वर्ष की लिंडा नोस्कोवा ने नौवीं रैंकिंग वाली पेत्रा क्वितोवा को 3.6, 6.2, 6.4 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। वहीं चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना ने येलेना ओस्टापेंको को 6.7, 6.2, 6.4 से हराया।

नीरज चोपड़ा ने विदेश मंत्रालय से कहा, जेना के वीजा मामले का समाधान निकालें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को किशोर जेना के वीजा मुद्दे को सुलझाने के लिए विदेश मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग की जिससे कि उनके साथी भाला फेंक खिलाड़ी आगामी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा पेश कर सकें।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने बुधवार को कहा कि ओडिशा के भाला फेंक खिलाड़ी का एक महीने का वीजा दिल्ली में हंगरी के दूतावास ने रद्द कर दिया है जिससे 19 से 27 अगस्त तक बुडापेस्ट में होने वाली प्रतिष्ठित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उनका हिस्सा लेना संदिग्ध हो गया है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर नीरज ने विदेश मंत्री से 'समाधान खोजने' का आग्रह किया। नीरज ने विदेश मंत्रालय और जयशंकर को टैग करते हुए पोस्ट किया, अभी सुना है कि किशोर जेना के वीजा के साथ कुछ समस्याएं हैं जो उन्हें विश्व चैंपियनशिप के लिए हंगरी में प्रवेश करने से रोक रही हैं। मुझे उम्मीद है कि अधिकारी कोई समाधान ढूंढने में सक्षम होंगे क्योंकि यह उसके करियर के सबसे बड़े लम्हों में से एक है। आइए वह सब कुछ करें जो हम कर सकते हैं। जेना ने विश्व रैंकिंग कोटा के जरिए विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाई है। उन्होंने 30 जुलाई को श्रीलंकाई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 84.38 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

सुविचार

ख्वाहिशें कम हो तो, पत्थरों पर भी नींद आ जाती है, वरना मखमल का बिस्तर भी चुभता है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

नकली छवि

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 'आर्थिक संकट' के बीच धैर्य बनाए रखने का आह्वान कर स्पष्ट कर दिया है कि ड्रैगन ने अपनी जो नकली छवि बनाई थी, अब उसकी पोल खुलने लगी है। विशेषज्ञ तो कई महीनों से कह रहे थे कि चीन में आर्थिक संकट आने वाला है, जिसे अब शी जिनपिंग को स्वीकार करना पड़ रहा है। हालांकि चीनी राष्ट्रपति ने इसका ठीकरा भी पश्चिमी देशों पर ही फोड़ दिया और पार्टी की पत्रिका 'क्यूशी' में यह कहकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की कि पश्चिमी देश अपने भौतिकवाद तथा 'आध्यात्मिक दिवालियापन' के कारण 'परेशानियां बढ़ा रहे हैं।' शी जिनपिंग एक चालाक तानाशाह की तरह अपनी ग़लतियों को दाएं-बाएं डालकर खुद को पाक-साफ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि उनके पास देशभर से जो आंकड़े आ रहे हैं, वे बता रहे हैं कि हालात बिगड़ते जा रहे हैं ... युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है ... बैंकों की हालत पतली है ... लोगों पर कर्ज बढ़ता जा रहा है ... जमीन-जायदाद का जो क्षेत्र कभी मुनाफे की गारंटी समझा जाता था, अब वह दरकने लगा है ... निवेशकों को घाटा हो रहा है ... उद्यमियों को काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। हालांकि सरकार यह दिलासा देती रही है कि वह संघर्षरत उद्यमियों का सहयोग करेगी, लेकिन जुलाई में उपभोक्ता व कारखानों की गतिविधियां कमजोर ही रहीं। देश में अप्रैल-जून में आर्थिक वृद्धि घटकर 0.8 प्रतिशत रह गई, जो जनवरी-मार्च में 2.2 प्रतिशत थी। इसका सीधा-सा अर्थ है कि बाजार में मांग नहीं है, लिहाज़ा कारखानों का उत्पादन घटता जा रहा है। हाल में बीजिंग समेत देश के कई हिस्सों में आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी, जिसके सामने शी जिनपिंग और उनकी सलाहकार 'मंडली' बेबस ही नजर आए। जिस पीएलए की शान में चीनी नेता और सैन्य अधिकारी यह अतिशयोक्तिपूर्ण दावा करते हैं कि 'पहाड़ को हिलाना संभव है, पीएलए को हिलाना असंभव है', वह भी कुदरत के कहर के सामने विवश थी। इससे लोगों में आक्रोश है, क्योंकि उन तक मदद नहीं पहुंची।

शी जिनपिंग अपनी पीठ खुद ही थपथपाने के लिए युवाओं के बीच बेरोजगारी संबंधी अद्यतन आंकड़े जारी करवाते रहते हैं। इसके जरिए यह संदेश देने की मंशा रहती है कि उनके सत्ता में आने के बाद बेरोजगारी कम हुई है, खुशहाली आई है। हालांकि अब उन आंकड़ों का प्रकाशन बंद करवा दिया गया है, क्योंकि बेरोजगारी के असल आंकड़े प्रकाशित करने से शी जिनपिंग के 'विकास पुरुष' होने की छवि को धक्का पहुंच सकता है और अगर (बेरोज़गारी को बहुत कम बताकर) ग़लत आंकड़े प्रकाशित कर दिए जाएं तो युवाओं का आक्रोश फूट सकता है। वे सड़कों पर उतर कर बता सकते हैं कि चीन में बेरोजगारी का असल आंकड़ा सरकारी दावों से ज्यादा है। वे सरकार की नीतियों पर सवाल भी उठा सकते हैं। इसलिए शी जिनपिंग ने सबसे आसान रास्ता चुना, आंकड़ों का प्रकाशन ही बंद कर दिया और युवाओं को यह नसीहत दे डाली कि 'हमें धैर्य बनाए रखना चाहिए और स्थिर व चरणबद्ध प्रगति पर जोर देना चाहिए।' युवा रोजगार मांग रहे हैं, लेकिन शी जिनपिंग यह उपदेश दे रहे हैं कि 'पश्चिमी शैली का आधुनिकीकरण अधिकतर लोगों के हित में नहीं है, बल्कि पूंजीगत हितों को बढ़ावा देने की कोशिश करता है। आज पश्चिमी देश परेशानियां बढ़ा रहे हैं ... वे भौतिकवाद और आध्यात्मिक दिवालियापन जैसी समस्याओं से निपटने में असमर्थ हैं।' निस्संदेह तमाम चुनौतियों के बावजूद चीन आज भी बड़ी आर्थिक शक्ति है। उसके पास विदेशी मुद्रा का विशाल भंडार है। वह दुनियाभर के बाजारों में अपना माल पहुंचाने के लिए नए-नए तरीके अपना रहा है, लेकिन अब दुनिया उसके रवैए से चिढ़ने लगी है। बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के साथ जो विनम्रता आनी चाहिए, वह चीन में नहीं है। उसका रवैया बदमाशों वाला है, जो दूसरों के दुःख में ही अपना सुख ढूंढ़ता है। उसने कोरोना वायरस को लेकर बहुत लापरवाही बरती, जिसने दुनिया को बड़े घाव दिए। वहीं, प्रसिद्ध उद्योगपति जैक मा द्वारा की गई हल्की-सी आलोचना के बाद उनके साथ जो बर्ताव किया गया, वह भी चर्चा का विषय रहा। इससे उद्योग जगत चीन को आशंका भरी दृष्टि से देख रहा है। क्या मालूम, चीन में निवेश के बाद किस बात से कुपित होकर शी जिनपिंग वक्र दृष्टि कर लें! फिर निवेश तो डूबेगा ही, 'जेलयात्रा' के योग भी बन सकते हैं। शी जिनपिंग और उनकी सलाहकार 'मंडली' को मौजूदा हालात से सबक लेना चाहिए। वे तानाशाही, मनमानी और टकराव का रास्ता छोड़ें। समन्वय और सद्भाव में ही सबका कल्याण है।

ट्वीटर टॉक

अब महंगाई बढ़ाने में नंबर-1 पर पहुंचा राजस्थान! नकारात्मक, भ्रष्टाचारी, महिला-युवा विरोधी, सामाजिक-बँटवारे, झूठे प्रचारवाली कांग्रेस सरकार का 'अंतकाल' शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री जी जनता इसका जवाब जरुर देगी..!!

-दिया कुमारी

गंग नहर के माध्यम से गंगानगर, करणपुर और रायसिंहनगर को सिंचाई का पानी उपलब्ध होता है। लेकिन अफ़सोस किसान विरोधी राजस्थान और पंजाब सरकार के बीच मतभेद होने के कारण यहाँ पानी की आवक बिल्कुल ख़त्म हो गई है।

-वसुंधरा राजे

कांग्रेस सरकार ने 4 वर्ष 7 माह के कार्यकाल में युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। चूरू के सभी युवा साथियों से मेरा आह्वान है कि आगामी विधानसभा चुनाव में इस युवा विरोधी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकना है।

-राजेन्द्र राठौड़

प्रेरक प्रसंग

सच्चाई की जीत

एक गाँव था जिसका नाम मायापुर था। और गाँव की सुंदरता का तो कुछ कहना ही नहीं था। क्योंकि उस गांव के किनारे ही एक विशाल जंगल था और उस जंगल में कई तरह के जंगली जानवर पशु-पक्षी रहा करते थे। एक दिन की बात है की एक लकड़हारा लकड़ियों को लेकर जंगल के रास्ते से अपने गांव की और जा रहा होता है। तभी उसे अचानक एक रास्ते पर शेर मिल जाता है और उस लकड़हारे से कहता है। देखो भाई आज मुझे कोई भी शिकार सुबह से नहीं मिला है और मुझे बहुत तेज भूख लगी है। में तुम्हे खाना चाहता हूँ और तुम्हे खा कर में अपनी भूख मिटाऊंगा। तभी लकड़हारा घबराकर कहता है ठीक है अगर मुझे खाने से तुम्हारी भूख मिट सकती है और तुम्हारी जान बच सकती है तो मुझे ये मंज़ूर है। लेकिन उससे पहले में तुमसे कुछ कहना चाहता हूँ शेर कहता है कहो तुम तो भैया अकेले हो और तुम्हारे कर किसी की ज़िम्मेदारी भी नहीं है परन्तु मेरे घर पर बच्चे बीवी भूख से व्याकुल हो रहे है। इस कारण मुझे यह लड़कियाँ बेचकर घर पर भोजन लेकर जाना होगा, परन्तु में तुमसे ये वादा करता हूँ की में अपने बीवी और बच्चों को भोजन देकर तुरंत तुम्हारे पास आ जाऊंगा।

सामयिक

बालकों के सर्वांगीण विकास पर हो शिक्षकों का ध्यान

सुनील कुमार महला
मोबाइल : 9828108858

आज की शिक्षा पहले के जमाने की भांति टीचर्स सेंटर्ड नहीं है। आज की शिक्षा स्टूडेंट सेंटर्ड है। यानी कि स्टूडेंट आज की शिक्षा में सर्वोपरि है। पहले शिक्षा में टीचर्स सर्वोपरि हुआ करते थे। जैसा टीचर चाहते थे वैसा होता था लेकिन आज जैसा स्टूडेंट चाहते हैं वैसा शिक्षा में होता है। मतलब यह कि आज बच्चों को शिक्षा में अधिक महत्व दिया जाता है। दूसरे शब्दों में यह बात कही जा सकती है कि बाल केंद्रित शिक्षा में बालक की मनोविज्ञान के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था की जाती है। इसका उद्देश्य अधिगम, जिसे लर्निंग या सीखना भी कहा जाता है, संबंधी विभिन्न कठिनाइयों को दूर करना है। इसमें सीखने की प्रक्रिया के केंद्र में बालक(स्टूडेंट या शिक्षार्थी)होता है। बाल केंद्रित शिक्षा में बालक की शारीरिक और मानसिक योग्यता के विकास पर अध्ययन किया जाता है।आधुनिक शिक्षा शास्त्र के अनुसार शिक्षक बच्चे के सर्वांगीण विकास का प्रयास करते हैं, लेकिन प्राचीन समय में बच्चे के मस्तिष्क में जानकारी या ज्ञान को भरा जाता था। दूसरे शब्दों में कहें तो अध्यापक केंद्रित कक्षा में शिक्षक निर्देश देते हैं और बच्चे सुनते हैं। बच्चों से अपेक्षा होती है कि वे शिक्षक की आज्ञा का पालन करेंगे और अनुशासन में रहेंगे। बहरहाल, आज की बाल केंद्रित शिक्षा के बीच ही दिल्ली के एक स्कूल का मामला हाल ही में प्रकाश में आया है। जानकारी देना चाहूंगा कि दिल्ली के एक स्कूल में महज दो किताबें न ला पाने की वजह एक छात्र की बुरी तरह पिटाई कर दी। क्या एक शिक्षक को मात्र इसलिए एक बच्चे की जमकर पिटाई कर देनी चाहिए कि वह स्कूल में किताबें नहीं ला पाया? क्या शिक्षक का यह कर्तव्य नहीं बनता था कि वह बच्चे को इसके बारे में समझाते? यह बहुत ही अफसोसनाक है कि शिक्षक ने बच्चे को बुरी तरह से पीटा। आज की शिक्षा बाल केंद्रित शिक्षा है और बाल केंद्रित शिक्षा बच्चों की समस्याओं पर ध्यान देती है। सरकार और माननीय अदालतों द्वारा समय समय पर इस संबंध में विभिन्न दिशा-निर्देश जारी करने के बाद में भी हमारे समाज में ऐसा हो रहा है, तो वाकई यह बहुत ही दुखद और अफसोसनाक है। क्या शिक्षकों को बच्चों के साथ अच्छे व्यवहार के साथ नहीं पेश आना चाहिए ?बच्चे को किताब न लाने पर समझाया-बुझाया भी जा सकता था, कि यह अच्छी बात नहीं है।अभिभावकों को भी सूचित किया जा सकता था, लेकिन बच्चे को बुरी तरह से पीटने को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता है। बच्चे को पीटना तो यही दर्शाता है कि शिक्षक कहीं न कहीं कुंठा का शिकार था। बच्चों को यातना दिया जाना किसी भी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता है।यह विडंबना ही है कि आज बाल केंद्रित शिक्षा के इस युग में भी स्कूलों में बच्चों को यातना दिए जाने की समस्या को खत्म करना अब तक भी संभव नहीं हो सका है। मीडिया के हवाले से यह पता चला है कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के तुकमीरपुर में स्थित एक राजकीय स्कूल में छठी कक्षा के एक विद्यार्थी को एक विषय की किताब घर पर भूल जाने की बात पर एक शिक्षक ने बच्चे की इस तरह से पिटाई की कि उसकी गर्दन में सूजन आ गई। बच्चे की तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर मामले ने तूल पकड़ा और स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई। बताया जा रहा है और अब मामले की जांच की जाएगी, लेकिन यहां यक्ष प्रश्न यह है स्कूलों में बच्चों के उत्पीड़न पर (शिक्षकों द्वारा बच्चों के साथ बुरी तरह से मारपीट, बुरा बर्ताव) रोक क्यों नहीं लग पा रही है ? यहां यह उल्लेखनीय है कि स्कूलों में किसी भी कारण से बच्चों को शारीरिक या मानसिक दंड पर सख्त पाबंदी है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि भारत में बच्चों के लिए लाए गए निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा (आरटीई) अधिनियम, 2009 में शारीरिक सज़ा और मानसिक प्रताड़ना को रोकने का प्रावधान किया गया है।अगर बच्चे को शारीरिक सज़ा या मानसिक प्रताड़ना दी जाती है तो इस पर आरटीई का सेक्शन 17(1) रोक लगाता है और इसके सेक्शन 17(2) में इसमें सज़ा का प्रावधान किया गया है।अगर कोई इन प्रावधानों का उल्लंघन करता है तो उस व्यक्ति के ख़िलाफ़ मौजूदा सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। शिक्षक द्वारा बच्चे को किसी भी तरह की शारीरिक सज़ा जिससे बच्चे को दर्द हो, चोट लगे, बैचेनी होने लगे, नहीं दी जा सकती है। यहां तक कि बच्चे को बेंच पर या दीवार के सहारे खड़ा करना मानसिक प्रताड़ना में शामिल किया गया है।इसके अलावा बच्चे पर तंज कसना, अलग-अलग नाम से बुलाना, डांटना, डराना, अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल करना या नीचा दिखाना, शर्मसार करना आदि को भी इसमें शामिल किया गया है।अगर स्कूल में बच्चे के प्रति व्यवहार पूर्वाग्रह से ग्रसित होता है तो वह भी भेदभाव की श्रेणी में आता है। इसमें जाति, जेंडर, व्यवसाय, क्षेत्र, 25 फ़ीसद आरक्षण में दाखिला, कमज़ोर तबके में शामिल होने आदि के आधार पर किसी तरह का पक्षपात किया जाता है तो वो भी इसमें शामिल माना जाता है। सच तो यह है कि किसी भी शिक्षक को किसी भी बात पर पिटाई तो बहुत दूर की बात, डांट-फटकार से भी पूरी तरह बचना है। यह विडंबना ही है कि आज बाल केंद्रित शिक्षा के इस युग में भी दिल्ली ही नहीं अपितु देश के दूसरे हिस्सों में आए दिन ऐसी घटनाएं मीडिया के हवाले से सामने आती रहती हैं। यहां उल्लेखनीय है कि दिल्ली में पिछले साल दिसंबर में एक शिक्षिका ने पांचवीं कक्षा की एक बच्ची की न सिर्फ पिटाई की, बल्कि उसे पहली मंजिल से नीचे भी फेंक दिया था। यह बहुत ही संवेदनशील है कि देश भर से स्कूलों में कभी बच्चों द्वारा गृहकार्य न करने तो कभी किसी अन्य छोटी छोटी बातों पर बच्चों के खिलाफ शिक्षकों के हिंसक बर्ताव की खबरें अक्सर आती रही हैं।

यह बहुत ही संवेदनशील व दुखद बात है कि ऐसी कुछ घटनाओं में तो बच्चों की जान भी जा चुकी है। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन लाना है। दरअसल, व्यवहार में परिवर्तन ही तो शिक्षा है। अंत में यही कहूंगा कि बाल केंद्रित शिक्षा का अर्थ यह है कि शिक्षण की संपूर्ण कार्य योजना बालक के चारों ओर रहनी चाहिए। दूसरे शब्दों में यह बात कही जा सकती है कि कोई भी निर्णय शिक्षा से संबंधित लिया जाता है तो वह बालक को केंद्र मानकर किया जाना चाहिए। बालकों के संबंध में शिक्षक को उनके व्यवहार के मूल आधार, आवश्यकताएं, मानसिक स्तर, योग्यता, रुचि, व्यक्तित्व इत्यादि का विस्तृत ज्ञान होना चाहिए। क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य बालकों की व्यवहार में परिमार्जित करना है।बालकों को यदि उनकी रूचि के अनुसार शिक्षण मिलेगा तो वह पढ़ने में के प्रति अधिक जागरूक एवं उत्सुक होंगे। बालको अभिरुचि को ध्यान में रखकर ही शिक्षण कार्य करना चाहिए। सच तो यह है कि शिक्षकों को बालकों में उसके सभी पक्षों को सामाजिक,सांस्कृतिक, चारित्रिक, खेल, नेतृत्व विकसित करने पर बल देना चाहिए क्यों कि इसके माध्यम से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव हो सकता है।

नजरिया

भारत सक्षम है मानवता को बल देने में

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

विश्व मानवीय दिवस प्रत्येक वर्ष 19 अगस्त को मनाया जाता है। मानव मूल्यों के छीजते दौर में इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। इस दिवस पर उन लोगों को याद किया जाता है, जिन्होंने मानवीय उद्देश्यों के कारण दूसरों की सहायता के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। इस दिवस को विश्वभर में मानवीय कार्यों एवं मूल्यों को प्रोत्साहन दिए जाने के अवसर के रूप में भी देखा जाता है। इसको मनाने का निर्णय संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्वीडिश प्रस्ताव के आधार पर किया गया। इसके अनुसार किसी आपातकाल की स्थिति में संयुक्त राष्ट्र देशों द्वारा आपस में सहायता के लिए मानवीय आधार पर पहल की जा सकती है। इस दिवस को विशेष रूप से 2003 में संयुक्त राष्ट्र के बगदाद, इराक स्थित मुख्यालय पर हुए हमले की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाना आरंभ किया गया था जो विश्व में मानवीय कार्यों एवं मानव-मूल्यों को प्रेरित करने वाली भावना का जश्न मनाने का भी एक अवसर है। इसका उद्देश्य उन लोगों की पहचान करना है जो दूसरों की मदद करने में विपरीत परिस्थितियों को सामना कर रहे हैं एवं मानवता की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है।

आज समूची दुनिया में मानवीय चेतना यानी मानवता के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भिखमंगी, विलासिता, अमीरी-गरीबी का बढ़ता फासला, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि 'आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है।'

मानवतावाद को विकसित करने का मुख्य आधार धर्म है। इसीलिये आज विभिन्न धर्मों की मानवतावादी, बुद्धिवादी और जनवादी परिकल्पनाओं को नकारा नहीं जा सकता और इनके माध्यम से भेद भावों से भरी व्यवस्था पर जोरदार प्रहार किया जा सकता है। धार्मिक विचारधाराएं एवं संगठन आज भी दुःखी, पीड़ित एवं अशान्त मानवता को शान्ति प्रदान कर सकते हैं। ऊँच-नीच, भेदभाव, जातिवाद पर प्रहार करते हुए धर्म ही लोगों के मन में एकता का विकास कर रहा है। विश्व शान्ति एवं परस्पर भाईचारे का वातावरण निर्मित करके कला, साहित्य और संस्कृति के विकास के मार्ग को प्रशस्त करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी भी युग में हो रहे नैतिक पतन को रोककर मानवीय चेतना के ऊर्ध्वारोहण के लिए अमानवतावादी दृष्टिकोण का निरसन आवश्यक होता है। सामाजिक मूल्य-परिवर्तन और मानदंडों की प्रस्थापना से लोकचेतना में परिष्कार हो सकता है। इसलिये ऑड्रे हेपबर्न ने कहा था कि जब तक दुनिया अस्तित्व में है, अन्याय और अत्याचार होते रहेंगे। जो लोग सक्षम और समर्थ हैं, उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि वे लोग अपने से निर्बल लोगों को भी स्नेह दें।

हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि के दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानवता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। अपने अंग-प्रत्यंग पर कहीं प्रहार होता है तो आत्मा आहत होती है। किंतु दूसरों के साथ ऐसी घटना घटित होने पर मन का एक कोना भी प्रभावित नहीं होता। यह संवेदनहीनता की निष्पत्ति है। इस संवेदनहीन मन की एक वजह सह-अस्तित्व का अभाव भी है।

हत्या, अपहरण, डकैती, मारपीट, बलात्कार आदि जितनी अमानवीय घटनाएँ होती हैं, उनका संबंध क्रूरता के साथ है। क्रूर व्यक्ति कभी संवेदनशील नहीं हो सकता। संवेदना के अभाव में किसी के सुख-दुख में दूसरे की संभागिता नहीं हो पाती। यह तभी संभव है, जब अपने अनुभव के आईने पर दूसरों के सुख-दुख प्रतिबिम्बित हों। संवेदनशील व्यक्ति द्वारा किसी को दुख पहुँचाने की बात तो दूर, वह उसकी सहज पीड़ा को देखकर ही द्रवित हो जाता है। मानवता को उपेक्षा का दंश भोगना पड़ा तो उसे मूर्च्छित होने से कोई बचा नहीं सकेगा। चिंता का मुख्य बिंदु यह नहीं है कि मूल्यों का ह्रास हो रहा है। आज की सबसे बड़ी समस्या है-आस्थाहीनता की। नैतिकता के आधार पर जीवन नहीं चल सकता, इस अवधारणा का हमला इतना तीव्र है कि दिग्गज लोगों का मन भी डांवाडोल हो रहा है। आस्था एक विधायक भाव है। यह प्रशस्त जीवन जीने के लिए रास्ता ही नहीं बनाता है, प्राणों में नए उत्साह का संचार कर देती है। आज अनुभव किया जा रहा है कि देश एवं दुनिया विकृतियों की शूली पर चढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस प्रतिबद्धता का अर्थ है भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता एवं मानवता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। सामाजिक मूल्य-परिवर्तन और मानदंडों की प्रस्थापना से लोकचेतना में परिष्कार हो सकता है। इस दृष्टि से मानवीय मूल्यों की उपयोगिता बढ़-चढ़ कर सामने आ रही है।

चिंतन

अवसर का इंतजार नहीं, निर्माण करें

संजीव ठाकुर
मोबाइल : 9009 415 415

जब जब मनुष्य ने जड़ता को ललकारा है तब तब परिवर्तन ने दस्तक दी है, और प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आया है। इस अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस 'आई हैव ए ड्रीम' की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था और बराक ओबामा ने भी कहा था 'यस वी कैन' ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था वह भी परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता था। जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलतः परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है।

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का साइकल स्वयं इस बात का साक्ष्य है की परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश है। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं। जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था। और उसी समय जब सदियों से भरी जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ, परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था। यह तो तय है कि जब जब जनता ने समाज की गति को रोकने का प्रयास किया तब मानवीय उद्यम और साहस ने उसे चुनौती दी और नए-नए अवसरों की तलाश कर उसका नवीन परिवर्तन का सकारात्मक उपयोग किया।

मानव समाज ने इस परिवर्तन तथा नए अवसर की खोज के साथ नई नई वस्तुओं का अंबार लगा और संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का उदय हुआ। यही औद्योगिक क्रांति विश्व के लिए विकास की नई गाथा है और सफलता के साथ एक नए युग का परिवर्तन भी हुआ है। स्थायित्व के विरुद्ध नए अवसर की तलाश थी मनुष्य के जीवन के नवीन पायदान ओं का आगाज करती है और जीवन परिवर्तनशील होकर नए युग की ओर प्रशस्त होता है। मनुष्य के जीवन में प्रगति विकास और परिवर्तन ही जीवन का असली गुंजन है, और यही विजय यात्रा की ओर मनुष्य, समाज तथा देश को अग्रसर करता है।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

उत्सव

पटना में गुरुवार को बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मेलन ने आगामी जन्माष्टमी उत्सव के जश्न के दौरान 'सावन के रंग राधा कृष्ण के संग' पर राधा और कृष्ण नृत्य प्रस्तुत किया।

सांसदों के प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा से द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन/भाषा। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक मानते हैं कि भारतवंशी सांसद रो खन्ना के नेतृत्व में अमेरिकी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल की मौजूदा भारत यात्रा से दोनों देशों के संबंध और प्रगाढ़ हुए हैं तथा इस यात्रा ने एक विशिष्ट दृष्टिकोण को रेखांकित किया है जो द्विपक्षीय संबंध को बढ़ावा देने में रूपरेखा का कार्य कर सकता है। प्रतिनिधि सभा में सिलिकॉन वैली का प्रतिनिधित्व करने वाले चार बार के सांसद रो खन्ना ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की और मंगलवार को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लिया जहां प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया था।

नई दिल्ली और मुंबई की यात्रा के दौरान उन्होंने नागरिक संस्था से जुड़े लोगों, अमिताभ बच्चन समेत हिंदी फिल्म के प्रमुख कलाकारों और विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात की। मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में कहा, मुझे खुशी है कि अमेरिकी कांग्रेस के निर्वाचित सदस्य हमारे स्वतंत्रता दिवस समारोह में मौजूद हैं। खन्ना ने एक्स (पूर्व में टवीटर) पर पोस्ट किया, मुझे भारत के स्वतंत्रता दिवस पर राजघाट जाकर दुनिया के महानतम नेताओं में से एक महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने का गौरव मिला। मुझे लाल किले पर अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का भी मौका मिला।

अमेरिकी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद मोदी ने एक्स पर लिखा, प्रतिनिधि सभा में इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्षों रो खन्ना और माइकल वाल्ट्ज सहित अमेरिका से आए सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने का सौभाग्य मिला। प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि अमेरिका के द्विदलीय सांसदों के समर्थन से भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

वैश्विक कानून फर्म पॉल हेस्टिंग्स एलएलपी में अग्रणी भारतीय अधिवक्ता रौनक डी देसाई ने कहा, रो की भारत यात्रा ऐतिहासिक है। एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी जो आजादी के लिए गांधीजी के साथ मिलकर लड़े और यहां तक कि उनके साथ जेल भी गए, उनके नाती के लिए अपने माता-पिता के जन्मस्थान पर लौटना और कांग्रेस के सदस्य के रूप में अपनी भूमिका में सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करना जितना सुंदर है उतना ही मार्मिक भी है।

समुदाय के नेता योगी चुघ ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की यात्रा ने गहरे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया है।

उन्होंने कहा, मुंबई, हैदराबाद और नई दिल्ली से - चाहे वह अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, कॉरपोरेट जगत के नेताओं से मुलाकात हो या अक्षरधाम की उनकी यात्रा, इससे दोनों देशों का गहरा रिश्ता और मजबूत हुआ। उन्होंने कहा कि यह यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि आने वाले वर्षों में बढ़ती अमेरिका-भारत साझेदारी के लिए लोगों के आपसी संपर्क और सांस्कृतिक संबंधों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सफल राजकीय यात्रा और राष्ट्रपति जो बाइडन की आगामी भारत यात्रा के मद्देनजर अमेरिकी कांग्रेस इंडिया कॉकस के अध्यक्ष रो खन्ना और माइकल वाल्ट्ज के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के दौरे के लिए यह बेहद उपयुक्त समय था।

जलवायु परिवर्तन के कारण सदी के अंत तक थार रेगिस्तान हरा-भरा हो सकता है : अध्ययन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण भारत के थार रेगिस्तान में भारी परिवर्तन देखने को मिल सकता है और यह सदी के अंत तक हरा-भरा क्षेत्र बन सकता है। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है।

अध्ययन में शामिल शोधकर्मियों के अनुसार तापमान बढ़ने के साथ ही दुनियाभर के कई रेगिस्तानों का और विस्तार होने का अनुमान है वहीं थार रेगिस्तान में इससे उलट रुख देखने को मिल सकता है और इस सदी के अंत तक यह हरे-भरे क्षेत्र में तब्दील हो सकता है।

थार रेगिस्तान राजस्थान के अलावा पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों में फैला है। यह 2,00,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैला है। यह दुनिया का 20वां सबसे बड़ा रेगिस्तान और नौवां सबसे बड़ा गर्म उपोष्णकटिबंधीय रेगिस्तान है।

कई अध्ययनों में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से पृथ्वी के रेगिस्तानों के बढ़ने का दावा किया गया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि सहारा रेगिस्तान का आकार 2050 तक सालाना 6,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक बढ़ सकता है। नया अध्ययन 'अर्थ्स फ्यूचर' नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है, जिसमें थार रेगिस्तान के संबंध में अप्रत्याशित पहलू का जिक्र किया गया है।

शोधकर्ताओं के दल ने कई अवलोकनों और जलवायु मॉडल 'सिमुलेशन' को मिला कर उनका अध्ययन किया और पाया कि वर्ष 1901 से 2015 के बीच भारत और पाकिस्तान के अर्ध-शुष्क उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में औसत वर्षा 10-50 प्रतिशत तक बढ़ी है।

उनका कहना है कि मध्यम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की हालत में भी इस वर्षा के 50-200 प्रतिशत तक बढ़ने के आसार हैं।

अध्ययन से पता चलता है कि भारतीय मानसून का बदलाव भारत के पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में शुष्क स्थितियों के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है।

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने आर्थिक संकट के बीच धैर्य रखने का किया आह्वान

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने देश में आर्थिक संकट के बीच धैर्य रखने का आह्वान किया और कहा कि पश्चिमी देश अपने भौतिकवाद तथा आध्यात्मिक दिवालियापन के कारण परेशानियां बढ़ा रहे हैं। पार्टी की पत्रिका 'क्यूशी' में शी का भाषण प्रकाशित किया गया। इससे कुछ घंटे पहले ही जारी आंकड़ों में संघर्षरत उद्यमियों को समर्थन देने के आधिकारिक वादों के बावजूद जुलाई में उपभोक्ता व फैक्टरी गतिविधि और कमजोर होने की बात सामने आई थी। सरकार ने अब युवकों के बीच बेरोजगारी को लेकर भी अद्यतन आंकड़े जारी करना बंद कर दिया है।

शी चिनफिंग ने अपने भाषण में कहा, हमें धैर्य बनाए रखना चाहिए और स्थिर व चरणबद्ध प्रगति पर जोर देना चाहिए। पत्रिका 'क्यूशी' के अनुसार, राष्ट्रपति ने यह भाषण फरवरी में दक्षिण-पश्चिमी शहर चोंगकिंग में दिया था। आमतौर पर पत्रिका द्वारा कई महीने बाद ही भाषण प्रकाशित किया जाता है। शी ने कहा कि पश्चिमी शैली का आधुनिकीकरण अधिकतर लोगों के हितों में नहीं है बल्कि पूंजीगत हितों को बढ़ावा देने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा, आज पश्चिमी देश परेशानियां बढ़ा रहे हैं...वह भौतिकवाद और आध्यात्मिक दिवालियापन जैसी समस्याओं से निपटने में असमर्थ हैं।

तटरक्षक बल ने चीनी नागरिक को दिल का दौरा पड़ने के बाद बीच समुद्र में जहाज से बचाया

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय तटरक्षक बल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने अरब सागर में पनामा के ध्वज वाले जहाज पर सवार चीन के एक नागरिक को सफलतापूर्वक बचा लिया जिसे दिल का दौरा पड़ने के बाद उपचार की आवश्यकता थी।

तटरक्षक बल ने खराब मौसम के बीच 16 तथा 17 अगस्त की मध्यरात्रि को बचाव अभियान चलाया। बल ने कहा, भारतीय तटरक्षक बल ने 16-17 अगस्त की मध्यरात्रि को मुंबई से करीब 200 किलोमीटर दूर अरब सागर में पनामा के ध्वज वाले जहाज 'एमवी डोंग फांग कैन टैन नंबर 2' से चीन के एक नागरिक को चिकित्सीय आधार पर बचाया।

मुंबई में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र को सूचना मिली थी कि अनुसंधान जहाज पर सवार चालक दल के सदस्य यिन वेगयांग को दिल का दौरा पड़ा है और उसे तत्काल उपचार की आवश्यकता है। इसके बाद चीन से संयुक्त अरब अमीरात जा रहे जहाज से फौरन संपर्क किया गया और उसे दूरसंचार माध्यम के जरिए आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी गई। तटरक्षक बल ने एक बयान में कहा, मरीज को आधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर 'एमके-तृतीय' से हवाई मार्ग से निकाला गया और उसे प्राथमिक उपचार दिया गया।

उसने कहा कि त्वरित अभियान अंधेरे में चलाया गया और समुद्र में एक विदेशी नागरिक की कीमती जान बचाई गई। यह अभियान भारतीय तटरक्षक बल की 'हम रक्षा करते हैं' के सिद्धांत की प्रतिबद्धताओं की पुष्टि करता है।

'गदर 2' और 'ओएमजी 2' ने की बंपर कमाई, 'जेलर' और 'भोला शंकर' ने भी बिखेरे जलवे

मुंबई/भाषा

कोविड-19 महामारी के उपरांत सिनेमाघर खुलने के बाद से 11 से 13 अगस्त सर्वाधिक व्यस्त सप्ताहांत रहा। इस दौरान सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने 134.88 करोड़ रुपये, जबकि अक्षय कुमार की ओएमजी 2 ने 43.11 करोड़ रुपये कमाये। प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (पीजीआई) और मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमएआई) के अनुसार, रजनीकांत की तमिल फिल्म जेलर व चिरंजीवी की तेलुगु फिल्म भोला शंकर के साथ रिलीज दोनों नई हिंदी फिल्मों को सिनेमाघरों में 2.10 करोड़ से अधिक दर्शक देख चुके हैं। दोनों संगठनों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि यह बीते 10 साल में एक साथ रिलीज हुई फिल्मों को देखने वालों की सबसे अधिक संख्या है।

बयान में कहा गया है कि चारों फिल्में देशभर के सिनेमाघरों में सप्ताहांत में 390 करोड़ रुपये से अधिक कमाई कर चुकी हैं। साल 2001 में आई सनी देओल की फिल्म गदर: एक प्रेम कथा की सीक्वेल गदर 2 ग्यारह अगस्त को रिलीज हुई और पहले दो दिन में फिल्म ने 83.18 करोड़ रुपये कमाये।

रविवार को फिल्म की कमाई में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। गदर 2 के निर्माताओं ने एक प्रेस नोट में कहा, हर बीतते दिन के साथ, फिल्म का दबदबा बढ़ता जा रहा है। तीसरे दिन फिल्म की कमाई 51.70 करोड़ रुपये रही, जिसके साथ ही कुल कमाई बढ़कर 134.88 करोड़ रुपये हो गई। पंकज त्रिपाठी और अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'ओएमजी 2 वर्ष 2012 में आई फिल्म ओएमजी-ओ माई गॉड! की सीक्वेल है। यह फिल्म भी 11 अगस्त को ही रिलीज हुई थी।

पहले दो दिन में फिल्म ने 25.56 करोड़ रुपये की कमाई की, जबकि रविवार को इसने 17.55 करोड़ रुपये कमाये और इसके साथ ही ''ओएमजी 2'' की कुल कमाई बढ़कर 43.11 करोड़ रुपये हो गई। फिल्म जेलर और भोला शंकर के निर्माताओं ने कमाई के आंकड़े सार्वजनिक नहीं किये हैं।

फिल्म 'मिस्ट्री ऑफ टैटू' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल की आने वाली फिल्म मिस्ट्री ऑफ टैटू का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 हाल ही में प्रदर्शित हुयी है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट हो गयी है। अमीषा अब फिल्म 'मिस्ट्री ऑफ टैटू' में नजर आयेगी जिसका ट्रेलर रिलीज हो गया है।फिल्म के ट्रेलर में देखा जा सकता है कि एक शख्स जिसके हाथ पर टैटू बना है, उसको लेकर कई सारे रहस्य जुड़े हैं।इस फिल्म में अमीषा पटेल गेस्ट अपीयरेंस में मौजूद हैं, जबकि रोहित राज, डेजी शाह और मायरा सरीन

'मिस्ट्री ऑफ टैटू' में अहम किरदारों में दिखाई देंगी।अर्जुन रामपाल भी इस फिल्म में गेस्ट अपीयरेंस में नजर आएंगे, जो एक टैटू आर्टिस्ट की भूमिका निभा रहे हैं। रोहित राज इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म में रोहित राज एक एडवोकेट की भूमिका निभा रहे हैं।

फिल्म की कहानी मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। जिसमें किलर लोगों का मर्डर करने के बाद उसके शरीर पर एक टैटू बना देता है। ट्रेलर की शुरुआत लंदन पुलिस के सीन से होती है।

जिसके बाद मर्डर मिस्ट्री दिखती है। जहां किलर लोगों को जान से मारने के बाद उनके शरीर पर टैटू बना देता है। फिर ट्रेलर में डेजी शाह की एंट्री होती है, जो मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने में पुलिस की मदद करती नजर आ रही हैं। जिसके बाद सीन में एडवोकेट बने रोहित राज दिखाई देते हैं। ट्रेलर में अमीषा पटेल अर्जुन रामपाल की भी झलक दिखाई देती है।कलैयारासी सथप्पन ने इस फिल्म से बतौर निर्देशक बॉलीवुड डेब्यू किया है। उन्होंने ही इस फिल्म की कहानी को भी लिखा है जबकि अनुश्री शाह, कशिश खान और गजीनाथ जयकुमार ने मिलकर पिकल एंटरटेनमेंट बैनर के तले फिल्म को प्रोड्यूस किया है।

इस फिल्म में मनोज जोशी, मायरा सरीन, अरुण कपूर, सायरा पंढाल, टॉम हेंड्रिक और सुकी चॉट भी सपोर्टिंग रोल में नजर आएंगे। फिल्म 'मिस्ट्री ऑफ टैटू' 01 सितंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

सनी देओल का प्रशंसक पर गुस्सा करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

मुंबई/भाषा

अभिनेता-नेता सनी देओल फिल्म 'गदर-2' के बाद अब एक और वजह से सुर्खियों में हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है जिसमें उन्हें कथित तौर पर अपने साथ तस्वीर खिंचाने की कोशिश कर रहे एक प्रशंसक पर गुस्सा करते हुए देखा जा सकता है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर प्रसारित वीडियो में देओल हवाई अड्डे से बाहर निकल रहे हैं तभी एक प्रशंसक उनके करीब आता है और अभिनेता के साथ सेल्फी लेने की कोशिश करता है। जब प्रशंसक को तस्वीर खींचने में वक्त लगता है तो नाराज दिख रहे अभिनेता पंजाबी में कहते हैं, ''ले ना फोटो''। इससे दो दिन पहले देओल की एक और वीडियो आयी थी जिसमें वह उनके साथ तस्वीर लेने की कोशिश करते हुए महिला प्रशंसकों द्वारा उन्हें छूने की कोशिश करने पर नाराज होते दिख रहे थे।

कई उपयोगकर्ताओं ने उनके इस रवैये की सोशल मीडिया मंच पर आलोचना की है तथा कुछ ने इसे हाल में रिलीज हुई ''गदर-2'' फिल्म की सफलता का नतीजा बताया है। एक उपयोगकर्ता ने लिखा, ''सनी देओल का लहजा देखो। 'ले ना फोटो'। लोगों को बॉलीवुड कलाकारों के पीछे भागना बंद करना चाहिए। उन्हें अकेले रहने दो। वे इस लायक नहीं हैं कि उन पर समय या ऊर्जा लगायी जाए।'' एक अन्य व्यक्ति ने ट्वीट किया, ''सनी देओल भाई, तेरे में किस बात का घमंड है? सालों बाद एक फिल्म चली है, थोड़ा हम्बल (विनम्र) हो जा।'' हालांकि, कुछ लोगों ने सनी देओल का समर्थन भी किया। एक उपयोगकर्ता ने लिखा, ''कुछ लोग सेल्फी के लिए प्रशंसकों पर गुस्सा होते हुए तथा कुछ 'मुझे छूओ मत' कहते हुए उनका वीडियो साझा कर रहे हैं। दोनों बार सनी देओल सही हैं और अपने निजता के अधिकार को बनाए हुए हैं। चूंकि वह विनम्र हैं तो आप सेल्फी लेने, गले लगाने तथा किसी भी चीज के लिए उनका पीछा नहीं कर सकते।''

देओल की 'गदर-2' फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और यह ब्लॉकबास्टर फिल्म बन गयी है। इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अब तक 261.35 करोड़ रुपये की कमायी की है। अनिल शर्मा के निर्देशन वाली यह फिल्म देओल की 2001 में आयी सुपरहिट फिल्म ''गदर : एक प्रेम कथा'' का सीक्वल है जिसमें अभिनेता ने तारा सिंह की यादगार भूमिका निभायी थी।

मिथुन, संजय ने 'गन्स एंड गुलाब्स' में मेरे किरदार को प्रेरित किया : गुलशन देवैया

मुंबई/भाषा

अभिनेता गुलशन देवैया का कहना है कि आगामी नेटफ्लिक्स सीरीज 'गन्स एंड गुलाब' में खतरनाक हत्यारे आत्माराम की भूमिका के उन्हें मिथुन चक्रवर्ती और संजय दत्त की फिल्मों से प्रेरणा मिली, जो उन्होंने 1990 के दशक में देखी थीं। 90 के दशक की झलक दिखाने वाली इस कॉमेडी क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन राज निदिमोरु और कृष्णा डीके ने किया है। यह एक प्रेमी मैकेनिक पाना टीपू (राजकुमार राव), एक प्रभावशाली गिरोह के अनिच्छुक उत्तराधिकारी (आदर्श गौरव), एक ईमानदार अधिकारी से अपराधी बने (दुलकीर सलमान) और एक हत्यारे आत्माराम की कहानी है। देवैया ने कहा कि किशोरावस्था में उन्होंने मिथुन चक्रवर्ती और संजय दत्त की कई फिल्में देखीं। उन्होंने कहा कि 'साजन' और 'खलनायक' में दत्त के लंबे बालों से लेकर मिथुन चक्रवर्ती की रेट्रो ड्रेसिंग स्टाइल इस सीरीज में दर्शकों को 1980 और 1990 के दशक के कई संदर्भ याद दिलाएगी। अभिनेता (45) ने एक इंटरव्यू में पीटीआई भाषा को बताया '' बालों का स्टाइल हमने 90 के दशक के संजय दत्त से लिया है। कपड़े वैसे हैं जैसे मिथुन चक्रवर्ती के होते थे। सब कुछ बिल्कुल वैसा नहीं है, हमने बदलाव भी किया है। कुछ प्रेरणा पुरानी फिल्मों से भी ली है।''देवैया ने बताया '' जब मैंने 'साजन' देखी तब मैं 12 साल का था। संजय दत्त की पहली फिल्म 'खलनायक' और 'थानेदार' मैंने सिनेमाघर में देखी थी। उस जमाने में यह फिल्में भरपूर मनोरंजन करने वाली फिल्में थीं।'

दिशा पटानी ने 'क्यों करूं फ्रिक' के म्यूजिक वीडियो के लिए निर्देशक के रूप में किया डेब्यू

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पटानी अब 'क्यों करूं फिक्र' के साथ एक नए म्यूजिक वीडियो में नजर आने के लिए तैयार हैं और निर्देशक के रूप में अपनी शुरुआत करेंगी। अपकमिंग वीडियो के लिए पोस्टर जारी करते हुए दिशा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया, अगर आप उन चीजों को छोड़ देते हैं जिन्हें आप नियंत्रित नहीं कर सकते हैं, तो यह संभवतः आपको 'क्यों करूं फिक्र' से मुक्त कर देगा। 16 अगस्त, 2023 को हैशटैग प्लेडीएमएफ आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर हमारे विशेष प्रोजेक्ट की एक झलक साझा कर रही हूं। पोस्टर में दिशा बेफिक्र दिख रही हैं और बीच पर लहरों का आनंद ले रही हैं। उन्होंने ब्लू टॉप के साथ डेनिम शॉर्ट्स पहना हुआ है और हमेशा की तरह वह शानदार लग रही हैं।'हुई मलंग' से लेकर 'डू यू लव मी' तक, दिशा ने हमेशा अपने गानों में अपने डांस से लोगों को दीवाना बनाया है। जहां तक 'क्यों करूं फिक्र' का सवाल है तो यह बेफिक्र होने का एंथम जैसा लगता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो दिशा पटानी अगली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'योद्धा' में नजर आएंगी और उनके पास 'कांगुवा' और 'सूर्या 42' भी हैं। दिशा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2015 में तेलुगु फिल्म 'लोफर' से की थी। उनकी पहली हिंदी फिल्म बायोपिक 'एम.एस.धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी' थी।' इसके बाद उन्होंने चीनी एक्शन कॉमेडी 'कुंग फू योगा' (2017) और हिंदी फिल्मों 'बागी 2' (2018), 'भारत' (2019), 'मलंग' (2020) और 'एक विलेन रिटर्न्स' (2022) में लीड एक्ट्रेस की भूमिका निभाई।

'केबीसी' मेरे जीवन का अभिन्न अंग बन गया है: अमिताभ



नई दिल्ली/एजेन्सी

मेगास्टार अमिताभ बच्चन, जो क्विज-बेस्ड रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति 15' के प्रीमियर के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने कहा कि यह उनके जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। इससे उन्हें स्टूडियो के अंदर और साथ ही अपने घरों से शो देखने वाले दर्शकों से जुड़ने में मदद मिलती है। नई शुरुआत के वादे के साथ, 'कौन बनेगा करोड़पति' भारत के विकास को कैप्चर करेगा और कुछ उल्लेखनीय बदलाव लाएगा जो गेमप्ले को कठिन और अधिक आकर्षक बना देगा। 'केबीसी' पिछले 23 सालों से दर्शकों का सफलतापूर्वक मनोरंजन कर रहा है। ज्ञान और मनोरंजन से बिग बी उत्साह और गंभीरता के साथ इस रियलिटी शो को होस्ट करते हैं। नए सीजन के बारे में बात करते हुए, अमिताभ ने कहा, 'कौन बनेगा करोड़पति' हमेशा ज्ञानदार, धनदार और शानदार रहा है, लेकिन इसके 15वें सीज़न में, हम एक नई शुरुआत करेंगे, एक विकसित भारत, इसकी आकांक्षाओं और सपने देखने वाले नागरिकों का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि यह शो उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। यह मेरे लिए स्टूडियो के अंदर के दर्शकों के साथ-साथ अपने घरों में आराम से शो देखने वाले दर्शकों से जुड़ने का एक प्लेटफॉर्म है। मैं वास्तव में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के कंटेस्टेंट्स का स्वागत करने और उनके साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं, जो न केवल मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा हैं, बल्कि उन लोगों के लिए भी हैं जो बदलाव चाहते हैं और ज्ञान की शक्ति से अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करते हैं।

इस सीजन में 'बदलाव' के बारे में बात करते हुए, शो में एक 'सुपर संदूक' की शुरुआत की गई है, जो गेम में रोमांच जोड़ता है, जरूरी राहत प्रदान करता है। दूसरा महत्वपूर्ण बदलाव 'देश का सवाल' है, जिससे दर्शकों की भागीदारी बढ़ेगी। 'वीडियो कॉल ए फ्रेंड' और 'ऑडियंस पोल' के साथ, 'डबल डिप' नामक एक नई लाइफलाइन को जोड़ा गया है और यह सीज़न 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' फीचर को भी वापस लाता है।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री अभयशेखरसूरीश्वरजी ने अपने प्रवचन में कहा कि 'उपदेशमाला ग्रंथ' में श्री धर्मदासगणिजी बताते हैं कि हमारा इतना कोई बिगाड़ नहीं सकता जितना हमारे राग-द्वेष हमारा बिगाड़ते हैं। अगर संसार में राग-द्वेष नहीं होता तो मोक्ष और संसार में कोई फर्क नहीं होता।

मायुमं बेंगलूरु ने स्वतंत्रता दिवस पर बांटी पाठ्य सामग्री, किया ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु के सदस्यों ने पीन्या स्थित सरकारी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडारोहण किया तथा स्कूली बच्चों को अभ्यास पुस्तिकाएं, पेंसिल व अन्य पाठ्य सामग्री वितरित की। बच्चों को बांसुरी स्वीट्स की तरफ से मिठाई बांटी गई। कार्यक्रम में मायुमं के अध्यक्ष अंकित मोदी, पूर्व अध्यक्ष बिकास पोद्दार, सचिव स्नेहकुमार जाजू, कोषाध्यक्ष गौरव शर्मा, सहसचिव शुभम लोहिया, पंकज जालान, अमित मोदी, गोपालकुमार, अरुण शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, सोनू शर्मा, सनी जैन, बरुण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, दीपाक्षी जाजू, सुविधा शर्मा, भाग्यश्री लोहिया, लक्ष्य तुलस्यान,आर्यन अग्रवाल मौजूद रहे।

'आत्मा की शुद्धि और उन्नति के लिए जीवन में धर्म जरुरी'

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में एलएनपुरम स्थित समणी भवन के प्रांगण में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी ने कहा कि आत्मा की शुद्धि एवं आत्मा की उन्नति के लिए

धर्म जरुरी है। धर्म हमें विनय सिखाता है और विनय से ज्ञान की प्राप्ति होती है। मंदिर जाकर हमें ऐसे कोई भी कार्य नहीं करने चाहिए जिससे हमारे धर्म को ठेस पहुंचे। हमें धर्म को कमजोर नहीं,अपितु धर्म को मजबूत बनाना है। मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी ने कहा कि अरिहंत परमात्मा का पुण्य विशिष्ट होता है और वे विशुद्ध पुण्य के धनी होते है। तीर्थकर प्रभु का पुण्य अनेक जीवों को तारने वाला होता है, वो धर्म तीर्थ की स्थापना करके अनेक जीवों के उद्धारक होते हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

झंडारोहण

बेंगलूरु के तेरापंथी सभा एवं तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर द्वारा संयुक्त रूप से मुनिश्री दीपकुमारजी व काव्यकुमारजी की निश्रा में मुख्य अतिथि के रूप मे अभातेयुप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश डागा एवं सभा अध्यक्ष प्रकाश गांधी ने झंडारोहण किया। इस मौके पर मुनिश्री दीपकुमारजी ने स्वतंत्रता को सही अर्थों में उपयोग करने एवं कर्म बंधनों से आजाद रहने की प्रेरणा दी। रमेश डागा व प्रकाश गांधी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अभातेयुप महामंत्री पवन मांडोत, कोषाध्यक्ष भरत मरलेचा, तेयुप अध्यक्ष राकेश पोखरणा,महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गादिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

दु:ख का मूल है कर्म और कर्म का मूल है राग-द्वेष : आचार्य अभयशेखरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वीवी पुरम स्थित संभवनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री अभयशेखरसूरीश्वरजी ने अपने प्रवचन में कहा कि 'उपदेशमाला ग्रंथ' में श्री धर्मदासगणिजी बताते हैं कि हमारा इतना कोई बिगाड़ नहीं सकता जितना हमारे राग-द्वेष हमारा बिगाड़ते हैं। अगर संसार में राग-द्वेष नहीं होता तो मोक्ष और संसार में कोई फर्क नहीं होता। राग का एक मात्र लाभ है दु:खीपना और संकलेश में ले जाना। अगर दु:खी होना है तो राग करना। धर्मदासगणिजी कहते हैं कि अगर वस्त्र में रजकण लगे हो तो मात्र झटकने से निकल जाते हैं लेकिन अगर कपड़े पर तेल का दाग लगा हो और फिर रजकण लगी हो तो वहां चिपकने लगते हैं। दु:ख का मूल है कर्म और कर्म का मूल है राग-द्वेष। तप से, क्रिया से, स्वाध्याय से, भक्ति से जिसमें भी राग द्वेष कम हो हमें वह साधना करनी चाहिए। साइकिल को स्टैंड पर से बिना उतारे पैडल मारने से मंजिल तक नहीं पहुंचेंगे, नौका को जब तक लंगर से नहीं उतारेंगे नौका आगे नहीं बढेगी, ठीक उसी तरह साधना में जब तक राग द्वेष को मंद करने का लक्ष्य नहीं तब तक साधना भी मोक्ष मार्ग पर आगे ले जाने वाली नहीं बनेगी। जिनेश्वर, जिन्होंने राग-द्वेष पर विजय पाई है, जैन जो जिनेश्वर के मार्ग पर चले वह जैन है। अगर हमारा लक्ष्य राग-द्वेष पर विजय पाना नहीं है तो हम सही मायने में जैन नहीं हैं।

अनादि काल से राग-द्वेष करने के संस्कार हैं तो होना स्वाभाविक है लेकिन लक्ष्य होना चाहिए कि इन्हें कम करने का पुरुषार्थ करना है। साइकिल को स्टैंड पर से उतारनी है, लंगर पर से नौका उतारनी है, ज्ञान और क्रिया का लक्ष्य राग-द्वेष कम करना, यह पुरुषार्थ है तो ही हम जैन हैं।

बसवनगुड़ी दादावाड़ी में परमात्मा महावीर के जन्म वांचन प्रसंग पर छाया अपूर्व उल्लास

श्रद्धालुओं ने उत्साह से लिया चढ़ावों में भाग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के तत्वावधान में साध्वी सुलोचनाश्रीजी की निश्रा में पर्युषण महापर्व के पंचम दिवस परमात्मा महावीर की माता त्रिशला महारानी को आए चौदह स्वप्न दर्शन वांचन एवं पालना झुलाने का कार्यक्रम अपूर्व उत्साह और उल्लास से सम्पन्न हुआ। ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष निर्भयलाल गुलेच्छा ने सभी का स्वागत किया।

साध्वीजी द्वारा मंगलाचरण एवं परमात्मा महावीर का जीवन चारित्र सुनाते हुए वर्धमान कुमार से महावीर बनने की यात्रा के बारे में कल्पसूत्र में आए वर्णन को विस्तार से बताया। परमात्मा और गुरुदेव के चित्रों पर संघवी विजयराज हंसराज डोसी परिवार द्वारा माल्यार्पण करने के साथ कांतिलाल विजयराज गुलेच्छा परिवार द्वारा दीप प्रज्वलन करके माता त्रिशला रानी को आए स्वपनों के दर्शन सकल संघ को करवाए गए।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ट्रस्ट के महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा ने कहा कि परमात्मा महावीर के पालना को घर पर ले जाकर भक्ति भावना करवाने का लाभ पन्नालाल गौतमचंद परिवार ने लिया। संघवी तेजराज गुलेच्छा ने गुणियातीर्थ बिहार में चल रहे जीर्णोद्धार के बारे में जानकारी दी।

संघ के ललित डाकलिया ने बताया कि लाभार्थी परिवार के निवास पर अनेक भक्ति मंडलों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी। खरतरगच्छ संघ के महामंत्री अरविन्द कोठारी ने चढावों का संचालन किया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बाबूलाल भन्साली ने बताया कि कार्यक्रम में अष्टलक्ष्मी को विराजमान करने का लाभ शांतिदेवी चुन्नीलाल गुलेच्छा परिवार, रत्नों की राशि विराजमान करने का लाभ संजीवकुमार अमितकुमार पारख परिवार, परमात्मा के जन्म के पश्चात सभी को मुंह मीठा करवाने के लिए पंजीरी वितरित करने का लाभ जयकुमार सौरभकुमार कांकरिया, सकल संघ के स्वामीवात्सल्य का लाभ प्रेमलता सज्जनसिंह खटोड़, परमात्मा के मुनीम जी बनने का लाभ महेन्द्रकुमार सुरेंद्रकुमार रांका परिवार, पालना का लाभ पुखराज कवाड परिवार ने लिया। उपाध्यक्ष तेजराज मालानी ने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था जिनदत्तकुशलसूरी जैन सेवा मंडल बसवनगुडी के सदस्यों ने सम्हाली।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

सम्मान

मैसूरु के सुमतिनाथ संघ के तत्वावधान में आचार्यश्री तीर्थभद्रसूरीश्वरजी की निश्रा में महावीर भवन में चल रही सिद्धितप के तपस्वियों के बियासना का लाभ जीतो चैप्टर मैसूरु परिवार ने लिया। संघ के सदस्यों ने जीतो के चेयरमैन कांतिलाल चौहान, उपाध्यक्ष राजेश सालेचा, महेन्द्र कटारिया, कोषाध्यक्ष विनोद बाकलीवाल, मुख्य सचिव गौतम सालेचा, सहकोषाध्यक्ष नेमीचन्द श्रीश्रीमाल, चन्द्रगुप्त जैन, चम्पालाल वाणीगोता, जयकुमार सालेचा, यूथ विंग चेयरमैन पुनीत श्रीश्रीमाल, लेडीज विंग की भावना सालेचा, ललिता चौहान का सम्मान किया।

पुरानी ढालों के पुनरावर्तन पर हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार राजाजीनगर महिला मंडल के तत्वावधान में पुरानी ढालों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन तेरापंथ भवन में किया गया। अध्यक्षा ऊषा चौधरी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि पुरानी ढालों का पुनरावर्तन होते रहना चाहिए, इससे हमारे स्वाध्याय का अच्छा क्रम बनता है, जो हमारे भीतर नवीन ऊर्जा का संचारण कर अध्यात्म की ओर अग्रसर करता है। यह प्रतियोगिता सतियों के नाम से बनाई 5 टीमों के बीच 5 राउंड की प्रतियोगिता हुई। प्रथम स्थान सुंदरी टीम, द्वितीय स्थान दमयंती टीम व तृतीय स्थान कौशल्या टीम के प्रतिभागियों का मंडल की ओर से सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष, संरक्षिकाओं सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित थीं। मंच संचालन मंत्री लता नवलखा ने किया।

संचालन उपाध्यक्ष सुमन वेदमुथा ने किया। संयोजिका सरिता संचेती, कन्यामंडल का विशेष सहयोग रहा। कोषाध्यक्ष सरिता हीरावत ने उपस्थित 40 सदस्याओं को धन्यवाद दिया।

'जैन परंपरा में नारी का सम्मानजनक स्थान है'

जीतो महिलाओं द्वारा 'समाज में नारी का योगदान' विषयक सेमिनार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन जीतो की साउथ एवं नॉर्थ महिला विंग की सदस्याओं ने संयुक्त रूप से जीतो श्रमण आरोग्यम योजना अंतर्गत चामराजपेट में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी व गणिवर्य पद्मविमलसागरजी के दर्शन किए तथा उनके सान्निध्य में 'वर्तमान समाज में नारी का योगदान' विषयक सेमीनार का आयोजन किया गया। आचार्यश्री ने इस विषय पर कहा कि महिलाओं को समाज के लिए कार्य करने की भावना जागृत करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक सफल संगठन में व्यक्ति की भावना का विशेष योगदान होता है। सभी महिलाओं के कंधों पर परिवार एवं समाज का दायित्व होता है उसी से धार्मिक वातावरण का निर्माण होता है। महिलाओं को सबसे पहले पारिवारिक सुदृढ़ता को बनाना होगा। धन, सुख एवं वैभव सभी आते जाते है परंतु संस्कारों एवं सदाचार को अपनाए तो बहुत कुछ बदल सकता है। हम जन्म से ही नहीं कर्म से एवं विचारों से भी जैन बने।

महिलाओं का जिक्र करते हुए आचार्यश्री ने कहा कि हमारे समाज की बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के लिए सक्षम बनाना होगा। बेटियों को समाज में संगठित होना सीखना होगा। सास बहू की भूमिका कैसी होनी चाहिए यह जानना आवश्यक है। जैन परम्परा में नारी को बहुत सम्माननीय माना गया है। पुरुषों को बदलने का जिम्मा महिलाओं के हाथ में है। सहनशील नारी ही आज समाज को विकसित कर सकती है। साधु-साध्वी की सेवा दर्शन और प्रेरणा पाथेय हेतु एकजुट होकर आना अच्छा लक्ष्य है।

जीतो नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार महिला विंग पदाधिकारियों ने श्रमण आरोग्यम योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं श्रमण आरोग्यम फ़ार्म साध्वीश्री को भेंट किए। नॉर्थ महिला विंग की अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने संचालन करते हुए कहा कि गुरुदेव ने हमे एक सच्चा आयाम प्रदान किया है।

जीतो साउथ महिला विंग की अध्यक्ष सुनीता गांधी ने उपस्थित हुए सदस्यों का स्वागत किया। संयोज़िका सुमन सिंघवी व रेखा जैन एवम सह-संयोज़िका संतोष सोलंकी व साक्षी जैन ने मंगलाचरण किया। इस अवसर पर साउथ उपाध्यक्ष बबीता रायसोनी, सहमंत्री संगीता पारख, नॉर्थ सहमंत्री पिंकी मेहता सहित पुष्पा जैन, दीपू मांडोत, कला लुनावत, संगीता आँचलिया ने व्यवस्था सँभाली। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद दिया।

'महालक्ष्मी पूजन से प्राप्त होती है रिद्धि-सिद्धि व धन'

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी मंदिर संघ मामुलपेट के तत्वावधान में राजेन्द्र भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री भव्यगुणाश्रीजी की निश्रा में चंद्रप्रभ स्वामी की चरणोपासिका सूरी मंत्र की तीसरी पाठ पर विराजमान महालक्ष्मी महाअनुष्ठान महापूजन सर्व प्रकार की मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली है। धन की देवी श्री महालक्ष्मी का अनुष्ठान करने से आर्थिक स्थिति में तीव्र गति से सुधार होता है। व्यापार में पूर्ण अभिवृद्धि होती है। समस्त विघ्नों का नाश होकर परिवार में शांति का वातावरण निर्मित होता है। इस पूजन करने के बाद धन और ऐश्वर्या की कभी कमी नहीं होगी अष्ट लक्ष्मी की प्राप्ति होगी। श्री यंत्र को अपने घर में स्थापना करने से सर्व प्रकार का वास्तु दोष निवारण होता है बालकों में ज्ञान की अभिवृद्धि होती है मनोबल मजबूत होता है।

शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि मंदिर जाने से मन में आत्मबल बढ़ता है। मेघराज भंसाली ने बताया कि 25 अगस्त को वरमालक्ष्मी पर सामूहिक श्रीयंत्र महालक्ष्मी महापूजन रखा गया है। मुख्य पीठिका का लाभ वंसतराज पारस भंसाली एवं सुनील कुंकुलोल ने लिया है। तिलोकचंद भंडारी ने बताया कि बाहर से आए अतिथियों का सम्मान हेमराज मोदी, कांतिलाल गांधीमुथा, चंपालाल बंदामुथा, बाबुलाल, सुरेश वाणीगोता, कांतिलाल मेहता, मुकेश श्रीश्रीमाल, बाबूलाल छत्रगोता आदि ने किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

स्वतंत्रता दिवस

बेंगलूरु के सिद्धार्थ सांस्कृतिक परिषद द्वारा बिहार भवन में स्वाधीनता दिवस के मौके पर 'आज की शाम देश के नाम' नामक कार्यक्रम का आयोजन व तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया। भारतीय सैनिकों ने अपने वाद्य यंत्रों के साथ गीतों की प्रस्तुति दी। पटेल इन्न के सभागार में रंगारंग सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके पर पूर्व भारतीय सैनिकों को परिषद के तरफ से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन परिषद के अध्यक्ष डॉ विनय कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में हरिश्चंद्र झा, उदयकुमार, राजेश्वर सिंह, मिंटू दुबे, दीपेश कुमार, अमित झा, संजय सिंह, रामलखन सिंह आदि सदस्य उपस्थित थे।

तुलसी क्लब यशवंतपुर बना 'खेलो मेवाड़' का चैंपियन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। मेवाड़ जैन सेवा संस्था द्वारा खेलो मेवाड़ 4 के अंतर्गत बॉक्स क्रिकेट एवं वालीबॉल का आयोजन किया गया। मुख्य प्रायोजक मदनलाल, कैलाश बोराना ने सभी टीमों को शुभकामनाएं दी। सह प्रायोजक उत्तम गन्ना, गौतम दक, गौतम बोहरा, महावीर नंदावत, वर्दीचंद चावत का सम्मान किया गया। बॉक्स क्रिकेट जूनियर वर्ग में मेहता रॉयल, सीनियर बॉक्स क्रिकेट में गंगापुर स्मार्ट टाइगर टीम तथा वॉलीबॉल फाइनल में तुलसी क्लब यशवंतपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रवीण दक, अनिल पोखरना, राजेश चावत, मनोज देसरला, पंकज कटारिया आदि ने व्यवस्था संभाली। आगामी खेलो मेवाड़ 5 के प्रायोजक के रूप में भेरूलाल पितलिया परिवार ने स्वीकृति दी। टूर्नामेंट के कमेंट्री में विशेष सहयोग महावीर दक, रतन कटारिया, विजय गांधी ने किया।

'तत्वत्रयी की आराधना के लिए नवपद की आराधना जरुरी'

राणीबेन्नूर/दक्षिण भारत। यहां शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूतिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने अपने प्रवचन में कहा कि मुमुक्षु यानी वो जो मोह शक्ति से अकुलाता है। मोक्ष के लिए जिसे यत्न-प्रयत्न करना है। मोक्ष जिन्हें साथ लेना है उसे रत्नत्रयी की

आराधना करनी चाहिए। सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान और सम्यग् चारित्र रत्नत्रयी की आराधना करने से तत्वत्रयी देव, गुरु व धर्म की आराधना होती है। तत्वत्रयी की आराधना के लिए आलंबन है नवपद की आराधना। अरिहंत की पहचान में जितनी कमी उतनी ही उनकी आराधना में कमी होती है।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com